Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi
Ranchi ● Friday, 07 June 2024 ● Year : 02 ● Issue : 139 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

सुविचार

दुनिया बड़ी भुलक्कड़ है। केवल उतना ही याद रखती है, जितने से उसका स्वार्थ सधता है। बाकी को फेंक कर आगे बढ़ जाती है।

Tejasswi Prakash Makes Fans...

SHARE

सेंसेक्स	:	75,074.51
निफ्टी	:	22,821.40

SARAFA

सोना	:	6,880
चांदी	:	96.02

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

कांग्रेस कार्यकारिणी समिति की बैठक आज

NEW DELHI : लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद कांग्रेस ने कार्यकारिणी समिति की बैठक बुलाई है। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बैठक को लेकर गुरुवार एक पत्र भी जारी किया है। इस पत्र के मुताबिक कांग्रेस कार्यकारिणी समिति की बैठक 8 जून शनिवार की सुबह 11 बजे कांग्रेस मुख्यालय में होगी। कांग्रेस मुख्यालय में इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे करेंगे।

चंद्रबाबू नायडू 12 जून को सीएम पद की लेंगे शपथ

AMRAWATI : तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू 12 जून को आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। समारोह अमरावती में होगा। इसमें नरेंद्र मोदी और नए केंद्रीय कैबिनेट के कई मंत्री शामिल होंगे। नायडू का शपथ समारोह पहले 9 जून को होने वाला था। हालांकि, मोदी के शपथ समारोह के चलते इसे टाल दिया गया। चंद्रबाबू नायडू चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बनने जा रहे है। इससे पहले उन्होंने 1 सितंबर 1995, 11 अक्टूबर 1999 और 8 जून 2014 को तीन बार सीएम पद की शपथ ली थी।

मुंबई में बीएमसी कर्मचारी व पुलिस पर पथराव

MUMBAI : मुंबई के पवई में गुरुवार को अवैध अतिक्रमण हटाने गए बृहनमुंबई म्युनिसिपल कॉपोरेशन (बीएमसी) के कर्मचारियों और पुलिस टीम पर पर लोगों ने पथराव किया। इस हमले में 5 पुलिसकर्मियों घायल हुए हैं। घटना का वीडियो भी सामने आया है। वहीं, पथराव और हंगामे के चलते अतिक्रमण विरोधी कार्रवाई को रोक दिया गया है। पवई के हीरानंदानी इलाके में कई साल पुरानी एक झुग्गी बस्ती है। नगर पालिका ने इन झोपड़ी मालिकों को नोटिस दिया था। नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी वहां घुसे और अवैध रूप से बसी इस झुग्गी बस्ती को हटाने की कार्रवाई शुरू की। कार्रवाई के वक्त वहां बड़ी संख्या में पुलिस भी मौजूद थी।

सोने की तस्करी के आरोप में चार गिरफ्तार

NEW DELHI : इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 5.45 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी के आरोप में दो चीनी नागरिकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सीमा शुल्क विभाग ने यह जानकारी दी। हांगकांग से आने पर आरोपियों को हवाई अड्डे पर रोका गया। सीमा शुल्क विभाग ने बताया कि आरोपियों के सामान की गहन तलाशी के साथ ही उनकी जामा तलाशी भी ली गई। तलाशी के दौरान उनके पास से 8.2 किलोग्राम सोना बरामद हुआ जिसका मूल्य 5.45 करोड़ रुपये है।

सीमा शुल्क विभाग द्वारा जारी बयान

मोदी तीसरी बार बनेंगे देश के प्रधानमंत्री, 9 जून को लेंगे शपथ

पहले 8 जून को ही ओथ लेने की हो रही थी बात, लेकिन अचानक डेट में हुआ बदलाव

AGENCY NEW DELHI : 18वीं लोकसभा चुनाव के नतीजे सामने आ चुके हैं। भाजपा बहुमत से बहुत पीछे रह गई लेकिन नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस को बहुमत मिलने के बाद केंद्र में एक बार फिर सरकार गठन की तैयारी शुरू हो चुकी है। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से खबर है कि निवर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 9 जून को पीएम पद की शपथ लेंगे। बता दें कि इससे पहले शपथ ग्रहण की तारीख 8 जून को तय की गई थी। लेकिन, अब तिथि में बदलाव कर इसे 9 जून कर दिया गया है। बीजेपी अपने गठबंधन के सहयोगियों के साथ मिलकर सरकार गठन कर सकती है। टीडीपी और जेडीयू का कहना है कि उन्हें हर चार सांसद पर एक मंत्री पद चाहिए। ऐसे में मोदी कैबिनेट 3.0 में अगर सरकार इस शर्त पर बनती है तो टीडीपी को चार और जेडीयू को तीन विभाग देना होगा। इसके अलावा जेडीएस के कुमारस्वामी भी दो मंत्री पद अपने बेटे और दामाद के लिए मांग रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के हवाले से खबर है कि बीजेपी ने कहा है कि वो सहयोगी दलों की हर जायज मांग को मानेगी लेकिन किसी दबाव के आगे नहीं झुकेगी। बयान में कहा गया है कि बीजेपी गठबंधन धर्म का पालन करेगी। खबर है कि बीजेपी निर्दलीय और छोटे दलों के भी संपर्क में है। बीजेपी ने कहा है कि पार्टी गैर जरूरी मांगों के आगे नहीं झुकेगी।

खास बातें

- जेडीयू और टीडीपी मांग रही हैं बड़ी हिस्सेदारी
- 14 सहयोगी दलों के 53 सांसदों का समर्थन
- लोकसभा स्पीकर का पद अपने पास रखेगी भाजपा
- मंत्रिमंडल में महाराष्ट्र के 5-6 चेहरों को मिल सकती है जगह

जेपी नड्डा के आवास पर बैठक में हुई सरकार गठन पर चर्चा

नई सरकार के गठन को लेकर बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के आवास पर गुरुवार को बीजेपी ने नेताओं ने बैठक की। बैठक में सरकार गठन को लेकर चर्चा की गई। बैठक में अमित शाह और राजनाथ सिंह समेत बीजेपी के कई नेता शामिल हुए। इस बैठक में भावी मंत्रिपरिषद के गठन में एनडीए के घटक दलों की भागीदारी सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। लोकसभा चुनाव में भाजपा को 240 सीटें मिली हैं। यह बहुमत के आंकड़े (272) से 32 सीटें कम हैं। हालांकि, एनडीए ने 293 सीटों के साथ बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया। एनडीए में भाजपा के अलावा 14 सहयोगी दलों के 53 सांसद हैं। गठबंधन में चंद्रबाबू की टीडीपी 16 सीटों के साथ दूसरी और नीतीश की जदयू 12 सीटों के साथ तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। दोनों ही पार्टियां इस वक्त भाजपा के लिए जरूरी हैं। इनके बिना भाजपा का सरकार बनाना मुश्किल है।

मैंने मंत्री पद की कोई मांग नहीं की : चिराग

एनडीए में शामिल लोजपा (रामविलास) के अध्यक्ष चिराग पासवान ने केंद्रीय मंत्रिमंडल में 2-3 पदों की मांग की खबरों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि मैंने ऐसी कोई मांग नहीं की है। ऐसी कोई मांग हो भी नहीं सकती क्योंकि हमारा लक्ष्य नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाना है। यह विशेष अधिकार प्रधानमंत्री के पास ही है कि वे अपने मंत्रिमंडल में किसको जगह देते हैं और किसको नहीं देते हैं।

पूर्व सीएम के फेसबुक पेज पर कल्पना ने शेयर किया पोस्ट

झारखंड को मणिपुर बनाने में जुटी है भाजपा, हेमंत को चिंता

PHOTON NEWS RANCHI : पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भावना का इजहार इस रूप में सामने आया है कि हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव परिणाम झारखंड के 84 साल के जेसुइट पादरी और आदिवासी अधिकार कार्यकर्ता फादर स्टेन स्वामी की हिरासत में अनुचित मौत का बदला है। उनकी मौत भारत के लोकतंत्र और मानवाधिकारों की स्थिति पर एक काला धब्बा है, उसका बदला लेने की यह शुरूआत है। भाजपा झारखंड को मणिपुर बनाने में जुटी है। यह बातें हेमंत के फेसबुक अकाउंट से उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने साझा की है। पोस्ट में कहा गया कि इस राज्य को मणिपुर बनाए जाने की आशंका है। हेमंत के फेसबुक अकाउंट पर लंबा-चौड़ा पोस्ट के साथ उनकी और फादर स्टेन स्वामी की फोटो भी अपलोड की गई है।

फादर स्टेन स्वामी की हिरासत में अनुचित मौत का बदला है लोकसभा चुनाव परिणाम

हेमंत के साथ भी ऐसा ही हो रहा है व्यवहार, हर झारखंडी को खड़े होने की जरुरत

समुचित चिकित्सक उपचार से स्टेन को रखा गया था वंचित

पोस्ट में आगे कहा गया कि दशकों से आदिवासी समुदायों के अधिकारों के लिए वकालत एवं लड़ाई लड़ने वाले फादर स्टेन के उच्च आयु और पार्किंसंस रोग के बावजूद उन्हें भाजपा सरकार द्वारा लगाये गए झूठे आतंकवाद के आरोपों पर जमानत और समुचित चिकित्सा उपचार से वंचित रखा गया। पानी पीने के लिए 25 पैसे का स्ट्रॉ नहीं दिया गया। स्वामी की मौत मानवधिकार कार्य का अपराधीकरण है। जेल की स्थितियों से बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण, फादर स्टैन की दुर्भाग्यपूर्ण मौत 5 जुलाई, 2021 को हिरासत में हो गयी। उनकी मौत आतंकवाद के बहाने से विपक्ष और आदिवासियों को दबाने और मानवाधिकार कार्य को अपराधीकरण करने की भाजपा की नीति का उदाहरण है। जैसे सबसे कमजोर वर्ग के लिए आवाज उठाने वाले फादर स्टेन को संस्थागत उपेक्षा और अन्याय से चुप कराया गया।

बाबूलाल मरांडी का हेमंत सोरेन पर पलटवार

जेल का खेल शुरू करने वाले खुद हो गए शिकार

RANCHI : भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने जेलों में कैदियों की बदतर और चिंताजनक स्थिति सम्बन्धी बयान के लिए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर पलटवार किया है। बाबूलाल ने कहा है कि जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सत्ता के अहंकार में सैकड़ों निदोर्षों को जेल में डाला। तब उन्हें ना तो मानवाधिकार का ख्याल आया, ना जेल के अंदर के बदतर हालात का। बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर इस आशय का बयान साझा करते हुए कहा कि लोगों को उठा कर जेल में डालने की हेमंत की बड़ी तमन्ना थी। ईश्वर का न्याय देखिए कि जिस जेल के खेल को

उन्होंने शुरू किया, अपने कुकर्मों के कारण वह भी उसी का शिकार हो गए। बाबूलाल ने हेमंत को जेल में पर्याप्त सुविधाएं दिए जाने को लेकर भी बात रखी है। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि हेमंत सोरेन अब बेकार में ही मानवाधिकार और आदिवासी बंधुओं की चिंता में दुबले हुए जा रहे हैं।

शेयर बाजार में भारी गिरावट पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पूछा सवाल

मोदी ने जनता को क्यों दी निवेश की सलाह : राहुल

AGENCY NEW DELHI : 18वीं लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद एनडीए को पूर्ण बहुमत मिला है। 9 जून को नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने वाले हैं। इधर कांग्रेस का हमला भी जारी है। इसी कड़ी में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक पीसी की जिसमें उन्होंने निवर्तमान पीएम मोदी पर जमकर हमला किया। राहुल गांधी ने कहा कि चुनाव के समय नरेंद्र मोदी ने शेयर बाजार पर कमेंट किया था, राहुल गांधी ने सवाल करते हुए पूछा की उन्होंने जनता को निवेश की सलाह क्यों दी थी। गौरतलब है कि चुनाव के बाद शेयर बाजार धड़ाम हो गया था। इसको लेकर प्रेस कांफ्रेंस में राहुल गांधी ने सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने कहा कि पहली बार हमने देखा है कि चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री ने शेयर बाजार पर टिप्पणी की।

यह अडानी से कहीं ज्यादा व्यापक मुद्दा

राहुल गांधी ने पीसी में कहा कि यह अडानी मुद्दे से कहीं अधिक व्यापक मुद्दा है। यह अडानी मुद्दे से भी जुड़ा है, लेकिन यह बहुत व्यापक मुद्दा है। उन्होंने आरोप लगाया की इसकी जानकारी सीधे तौर पर प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री को है। वास्तविक चुनाव परिणामों पर डेटा, जिनके पास आईबी रिपोर्ट है, जिनके पास अपना डेटा है, जो खुदरा निवेशकों को स्टॉक खरीदने की सलाह दे रहे हैं, ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है प्रधानमंत्री ने एक के बाद एक कई बार बड़ी दिलचस्प टिप्पणी करते हुए कहा है कि शेयर बाजार में तेजी आने वाली है, साथ ही उन्हें जानकारी है कि एग्जिट पोल गलत हैं ऐसा इसलिए होता है क्योंकि उनके पास आईबी डेटा है और उनकी अपनी पार्टी का डेटा भी है।

ऑपरेशन ब्लू स्टार की 40वीं बरसी

गोल्डेन टेंपल में लगे खालिस्तानी नारे

AMRITSAR : गुरुवार को पंजाब में ऑपरेशन ब्लू स्टार की 40वीं बरसी मनाई गई। इसके लिए अमृतसर स्थित गोल्डेन टेंपल में काफी संख्या में सिख समुदाय के लोगों की भीड़ जमा हुई। यहां भीड़ ने हाथों में तलवारें लहराते हुए खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाए। हाथ में ऑपरेशन ब्लू स्टार में मारे गए जरनैल सिंह भिंडरावाले के पोस्टर लेकर उसके समर्थन में भी नारे लगाए। पंजाब में 2 दिन पहले आए लोकसभा चुनाव परिणाम में 2 खालिस्तान समर्थक रिकॉर्ड वोटों से जीते। इनमें असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद खालिस्तान समर्थक अमृतपाल और इसी ऑपरेशन ब्लू स्टार के विरोध में पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले उनके सिक्योरिटी गार्ड बेअंत सिंह का बेटा सर्बजीत सिंह खालसा शामिल है। गोल्डन टेंपल में अमृतपाल की मां और फरीदकोट से सांसद चुने गए सर्बजीत खालसा भी पहुंचे। अमृतपाल की मां बलविंदर कौर पहले ही वहां से चली गईं, लेकिन सांसद खालसा गोल्डन टेंपल में रुके रहे। बरसी को देखते हुए पुलिस भी हाई अलर्ट पर रही। अमृतसर में पैरामिलिट्री और पुलिस की सुरक्षा तैनात की गई। इस दौरान अमृतसर के बाजार बंद रहे। सिखों के सर्वोच्च श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघवीर सिंह के संबोधन के बाद समागम को खत्म कर दिया गया। जिसके बाद गोल्डन टेंपल में जमा भीड़ वापस लौट गई।

अमावस्या पर भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल का हुआ विशेष श्रृंगार

AGENCY UJJAIN : विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के मंदिर में गुरुवार को ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि पर भस्म आरती के दौरान भगवान महाकाल का रजत मुकुट, रुद्राक्ष की माला से श्रृंगार किया गया। भगवान महाकाल को शेषनाग का रजत मुकुट, रजत की मुण्डमाल, रुद्राक्ष की माला के साथ सुगंधित पुष्प से बनी फूलों की माला धारण कराई की और फल व मिष्ठान का भोग लगाया गया। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भगवान महाकाल के इस दिव्य स्वरूप के दर्शन कर पुण्य लाभ कमाया। परम्परा के मुताबिक गुरुवार को तड़के चार बजे महाकालेश्वर मंदिर के पट खुलते ही पंडे पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन किया। भगवान महाकाल का दूध, दही, घी, शक्कर, पंचामृत और फलों के रस से जलाभिषेक किया गया। प्रथम घंटाल बजाकर हरि ओम का जल अर्पित किया गया। कपूर आरती के बाद बाबा महाकाल को नवीन मुकुट, मुंड माला धारण करवाई गई। अमावस्या तिथि पर भस्मआरती में भगवान महाकाल के शीष पर सर्प विराजमान कराकर कुछ ऐसा श्रृंगार किया गया कि सभी श्रद्धालु देखते रह गए।

गुजरात के श्रद्धालुओं ने भेंट की चांदी की दो सिल्लियां

गुरुवार को भस्म आरती में शामिल होने गुजरात के मेहसाणा से आए श्रद्धालु सिद्धराज सिंह चावड़ा ने भगवान महाकाल के दर्शन किए। साथ ही सतू गुरुजी की प्रेरणा से चांदी की दो सिल्लियां (वजन लगभग एक किलोग्राम) भगवान को अर्पित की। श्रद्धालु सिद्धराज सिंह ने बताया कि वे नियमित अंतराल से भगवान के दर्शन के लिए उज्जैन आते हैं। यहां उन्हें भगवान की साक्षात अनुभूति होती है और असीम शांति मिलती है। मंदिर के सहायक प्रशासनिक अधिकारी आरके तिवारी ने दानदाता का विधिवत रसीद प्रदान कर उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

गुरुवार को वट सावित्री पर्व के अवसर पर सुहागिनों ने अपने अखंड सौभाग्य के लिए पूजा-अर्चना की। एक-दूसरे को सुहाग की शुभकामना देतीं महिलाएं।

संबंधित खबर पेज 02 पर।

बिल्कुल नए यान बोइंग स्टारलाइनर पर शुरू की यात्रा

सुनीता विलियम्स ने तीसरी बार अंतरिक्ष में भरी उड़ान

स्पेस ट्रैवल

AGENCY NEW DELHI : अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। दुनिया को अंतरिक्ष यात्रा का एक बिल्कुल नया नजारा देखने का अवसर मिला। भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री कैप्टन सुनीता विलियम्स एक बार फिर अंतरिक्ष में उड़ान भरी है। यह उनकी तीसरी अंतरिक्ष यात्रा है। एक अन्य सहकर्मी के साथ बुधवार को (फ्लोरिडा के समय के अनुसार) तीसरी बार अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी। इसके साथ ही दोनों ने बोइंग कंपनी के स्टारलाइनर यान से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन जाने वाले पहले सदस्य बनकर इतिहास रच दिया।

इस तरह के मिशन पर जाने वाली पहली महिला के रूप में रचा इतिहास

'केप कैनवेरल स्पेस फोर्स स्टेशन' से रवाना

विलियम्स और बुच विल्मोर को लेकर बोइंग का 'क्रू फ्लाइट टेस्ट मिशन' कई बार के विलंब के बाद फ्लोरिडा के 'केप कैनवेरल स्पेस फोर्स स्टेशन' से रवाना हुआ। विलियम्स ने इस तरह के मिशन पर जाने वाली पहली महिला के रूप में भी इतिहास रचा। भारतीय समय के अनुसार गुरुवार की देर रात को यान को अंतरिक्ष स्टेशन में पहुंचना है। एक समय में वह एक महिला अंतरिक्ष यात्री के तौर पर अधिकतम स्पेसवॉक समय का रिकॉर्ड रखती थीं, क्योंकि उन्होंने सात स्पेसवॉक में 50 घंटे और 40 मिनट बिताए थे।

थोड़ी नर्वस जरूर, मगर कोई घबराहट नहीं : सुनीता

उड़ान भरने के पहले सुनीता ने कहा कि वो थोड़ी नर्वस जरूर हैं। नए अंतरिक्ष यान में उड़ान भरने को लेकर कोई घबराहट नहीं है। लॉन्च पैड पर प्रशिक्षण के दौरान विलियम्स ने कहा, 'जब मैं अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचूंगी, तो यह घर वापस जाने जैसा होगा।' डॉ. दीपक पंड्या और बोनी पंड्या के घर जन्मी सुनीता, नए मानव-रेटेड अंतरिक्ष यान के पहले मिशन पर उड़ान भरने वाली पहली महिला बनकर इतिहास रचेंगी। एक योग्य नौसेना परीक्षण पायलट के तौर पर वह 2006 और 2012 में दो बार अंतरिक्ष में उड़ान भर चुकी हैं। और नासा के आंकड़ों के अनुसार, 'सुनीता ने अंतरिक्ष में कुल मिलाकर 322 दिन बिताए हैं।'

दो बार जा चुकी हैं स्पेस में

सुनीता पहली बार 9 दिसंबर 2006 को अंतरिक्ष में गई थीं। उन्हें इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में भेजे गए 14वें शटल डिस्कवरी के साथ रवाना किया गया था। इसके बाद 2012 में उनकी दूसरी अंतरिक्ष यात्रा शुरू हुई थी। तब उन्होंने कजाकिस्तान के बैकोनूर से रूसी रॉकेट सोयूज टीएमए-05एम से उड़ान भरी थी। नासा से जुड़ने से पहले वो अमेरिका की नौसेना में काम करती थीं। उस समय उन्होंने 30 से ज्यादा विभिन्न विमानों में 3000 से ज्यादा उड़ान घंटे दर्ज किए थे। अब सुनीता विलियम्स ने तीसरी अंतरिक्ष में उड़ान भरी है।

चंडीगढ़ की घटना, किसानों पर बयान से थी नाराज

एयरपोर्ट पर कंगना को महिला सीआईएसएफ ने जड़ दिया थप्पड़

AGENCY CHANDIGARH : कंगना रनोट को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर तैनात सीआईएसएफ की महिला जवान ने थप्पड़ मारा है। कंगना को थप्पड़ मारने वाली जवान का नाम कुलविंदर कौर बताया जा रहा है। मामले में कुलविंदर का बयान सामने आ चुका है, वो कंगना के किसान आंदोलन पर दिए गए बयान से आहत थी। वहीं कंगना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया है कि महिला ने उन्हें थप्पड़ मारने के साथ गाली भी दी है। कंगना रनोट चुनाव जीतने के बाद भाजपा की बैठक में शामिल होने के लिए विस्तारा एयरलाइन की फ्लाइट यूके707 से दिल्ली के लिए निकल रही थीं, तभी सिक्योरिटी चेक के दौरान उनकी

महिला सीआईएसएफ जवान

महिला जवान से कहासुनी हो गई। कंगना ने मामले की शिकायत कर महिला जवान को नौकरी से हटाने और उसके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। कंगना रनोट ने घटना के बाद एक वीडियो शेयर किया है। उन्होंने कहा, 'मेरे पास बहुत सारे फोन कॉल्स आ रहे हैं, मैं आपको बताना चाहूंगी कि मैं फिलहाल सेफ हूं।

BRIEF NEWS

जमशेदपुर के बिड़ला मंदिर में लगाए गए पौधे

JAMSHEDPUR : विश्व पर्यावरण दिवस पर व्यायस ऑफ एनवायर्नमेंट व सत्यम शिवम ट्रस्ट ने पौधारोपण अभियान की शुरूआत की, जिसमें केबुल टाउन स्थित बिड़ला मंदिर परिसर में फलदार पौधे लगाए। परिसर की साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर डॉ. प्रियंका झा, कंचन सिंह, मंजू सिंह सहित अन्य पर्यावरणप्रेमी शामिल हुए। संस्था की पहल को विधायक सरयू राय ने भी सराहा।

आदित्यपुर में 'सामर्थ्य' ने किया पौधारोपण

ADITYAPUR : विश्व पर्यावरण दिवस पर सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से आदित्यपुर स्थित धीराजगंज, साईं कल्पना सोसाइटी, जुलुमटांड़, सतबहिनी इलाके में पौधारोपण की शुरूआत हुई। अध्यक्ष पल्लवी दीप ने बताया कि 'आओ पर्यावरण बचाएं' प्रोजेक्ट पूरे मानसून तक चलेगा। वॉलंटियर मनीष तोमसय ने 'हमारी भूमि हमारा भविष्य' का नारा देते हुए वहां उपस्थित सभी बच्चों के साथ पौधारोपण किया तथा इसकी देखभाल करने की शपथ ली। इस मौके पर पी. अनीता, उत्कर्षा, मनीषा तोमसय, धनसिंह तोमसय, विजय कुमार सुवर्णो, दिलीप गिरि आदि भी सक्रिय रहे।

टाटा स्टील यूआईएसएल डेंगू पर करा रही क्विज

JAMSHEDPUR : टाटा स्टील यूटीलिटीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सर्विसेज लिमिटेड ने डेंगू के खिलाफ शहरवासियों को सशक्त बनाने के लिए क्विज करा रही है। कंपनी सभी लोगों को इस डेंगू रोकथाम अभियान में शामिल होने के लिए आर्मंत्रित कर रही है, जिसमें आप न केवल अपने घर-मोहल्ले को डेंगू से सुरक्षित कर सकते हैं, बल्कि कंपनी के क्यूआर कोड को स्कैन करके उपहार भी प्राप्त कर सकते हैं। विशेष जानकारी के लिए [corp-comm.tatasteeluisl@tatasteel.com] पर संपर्क कर सकते हैं।

अबुआ आवास योजना के लाभुक से 8 हजार रुपये रिश्वत लेते मुखिया गिरफ्तार, एसीबी ने की कार्रवाई

सादे वेश में बैठी थी टीम, घूस की राशि लेते ही रंगेहाथ दबोचा, इलाके में चर्चा का बाजार गर्म

PHOTON NEWS GIRIDIH: झारखंड सरकार के अबुआ आवास योजना के लाभुक से रिश्वत ले रहे एक मुखिया को एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरिडीह जिले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एसीबी ने मुखिया को रंगे हाथ धर दबोचा।

गिरिडीह के चरघरा पंचायत में एसीबी ने की कार्रवाई : एसीबी की टीम ने गुरुवार को जमुआ प्रखंड के चरघरा पंचायत के मुखिया महावीर दास को 8 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया। मुखिया की गिरफ्तारी के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चा हो रही है।

मुखिया ने सिमराटांड़ की महिला से मांगी थी 10 हजार की रिश्वत: जानकारी के अनुसार, चरघरा पंचायत के मुखिया महावीर दास ने प्रखंड के सिमराटांड़ गांव की रहने वाली मुन्नी देवी से अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। रिश्वत की राशि नहीं दे पाने के कारण मुन्नी देवी का अबुआ आवास योजना पास नहीं हो रहा था।

मुनिया देवी ने एसीबी धनबाद से की शिकायत : मुनिया देवी को जब कोई रास्ता न सूझा, तो उसने एसीबी धनबाद की टीम को इसकी सूचना दी। एसीबी की टीम ने योजना बनाकर जाल बिछाया और मुखिया को रिश्वत लेते रंगे हाथ धर दबोचा। उसे तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया।

जमुआ से ऐसे हुई मुखिया महावीर दास की गिरफ्तारी

गुरुवार को दोपहर मुखिया महावीर दास महिला मुनिया देवी से घूस की राशि लेने के लिए जमुआ के कैनरा बैंक के समीप स्थित एक दुकान में बैठा था। इसी बीच महिला वहां पहुंची और बैंक से 8 हजार रुपए निकाल कर सीधे मुखिया के हाथों में दे दिया। जैसे ही मुखिया ने महिला से 8 हजार रुपए लिये, सादे वेश में वहां पहले से मौजूद एसीबी की टीम ने मुखिया महावीर दास को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

कोडरमा स्टेशन से अफीम के साथ चतरा का युवक गिरफ्तार

आरपीएफ व जीआरपी ने की कार्रवाई

गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देते पुलिस अधिकारी • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS KODERMA: कोलकाता-नई दिल्ली ग्रैंड कॉर्ड लाइन पर स्थित कोडरमा जंक्शन के रास्ते मादक पदार्थों की तस्करी थमने का नाम नहीं ले रही है. पड़ोसी राज्य बिहार में शराब की तस्करी के साथ-साथ अब रेल नेटवर्क से गांजा, अफीम सहित अन्य मादक पदार्थों की तस्करी भी शुरू हो गई है।

झारखंड के रास्ते शराब के बाद अब गांजा व अफीम की तस्करी : गांजा, अफीम जैसे मादक पदार्थों की तस्करी कर उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा तक भेजा जाता है। आरपीएफ व जीआरपी कोडरमा ने एक ऐसे ही मामले में कार्रवाई करते हुए 3 किलो अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दशरथ कुमार राणा (20) पिता विनोद राणा निवासी बाखरडीह थाना जोरी जिला चतरा के रूप में हुई है.

धनबाद मुख्यालय से मिली सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई : आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि धनबाद मुख्यालय से मिली सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई. उन्होंने बताया कि सूचना पर जीआरपी प्रभारी उपेंद्र पासवान, आरपीएफ के उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार, आरक्षी रामबाबू यादव के साथ कोडरमा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 पर संयुक्त जांच अभियान चलाया गया.

काले रंग के पिट्ठू बैग के साथ संदेह के आधार पर हुई गिरफ्तारी: इस दौरान नए फूट ओवरब्रिज के नीचे काले रंग के पिट्ठू बैग के साथ एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर शाम 7:30 बजे पकड़ा गया. पूछताछ करने पर आरोपी ने बैग में अफीम होने की बात कही. अंचल अधिकारी कोडरमा गिजेंद्र टुटी की मौजूदगी में बैग की तलाशी ली गई और बैग से प्लास्टिक में छिपाकर रखे अफीम को बरामद किया गया।

पिट्ठू बैग में मिला अफीम : इलेक्ट्रॉनिक मशीन से अफीम का वजन किया गया, तो यह 2.922 किलोग्राम निकला। बाजार में इसकी अनुमानित कीमत 4 लाख रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह रात में किसी ट्रेन की जेनरल बोगी में बैठकर टुंडला तक जाता। वहीं इसको बेचना था। इस संबंध में जीआरपी थाना में कांड संख्या 32/24 दर्ज कर लिया गया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि इस प्रकार के अपराध की रोकथाम के लिए जीआरपी और आरपीएफ की तरफ से कार्रवाई की जा रही है।

बारिश के दिनों में घर में कैद हो जाते 500 परिवार, तीन वर्ष से हैं परेशान

नावाडीह में 8 लेन सड़क के किनारे बने अपार्टमेंट व घरों में जलजमाव से स्थिति नारकीय

PHOTON NEWS DHANBAD: जलनिकासी की समस्या कितनी भयावह हो सकती है, इसका अनुमान उन 500 परिवारों को देख कर लगाया जा सकता है, जो बारिश के दिनों में अपने घर में कैद हो जाते हैं। बात हो रही है धनबाद के नावाडीह इलाके की। नावाडीह में आठ लेन सड़क के निर्माण के बाद किनारे पर बसे अपार्टमेंट और घरों में रहने वाले लोग पिछले तीन वर्ष से समस्या झेल रहे हैं। बुधवार को करीब 20 मिनट की बरसात ने एक बार फिर नावाडीह के नंदन रेसीडेंसी के 60 फ्लैट, आसपास के आधा दर्जन घर और अन्य अपार्टमेंट के लगभग 500 परिवारों को घर में कैद होने के लिए विवश कर दिया। नावाडीह में आठ लेन वाली सड़क के किनारे बने इन फ्लैट और घर में बरसात का पानी घुस गया। अपार्टमेंट का निचला हिस्सा पूरी तरह से जलमग्न है। आठ लेन सड़क किनारे भी पानी जमा रहा। यह स्थिति गुरुवार तक बनी रही है। यह सिर्फ 20 मिनट की बरसात का असर है, अभी पूरी बरसात बाकी है। यहां के लोग न तो आफिस जा सके और न ही अपना-अपना व्यवसाय कर सके। कुछ लोगों ने निकलने का प्रयास भी किया तो पानी में गिर पड़े। गनीमत है कि स्कूल बंद है, वरना बच्चों को जूता-मोजा खोल कर पार करना पड़ता। अधिक बरसात होने पर तो यहां नारकीय स्थिति बन जाती है। घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। आठ लेन सड़क निर्माण के दौरान एजेंसी ने ड्रेनेज की सही व्यवस्था ही नहीं की है। इसकी वजह से थोड़ी देर की बारिश में ही यहां जलजमाव हो जाता है। पानी निकासी का रास्ता ही नहीं है। स्थानीय लोगों ने कई बार सड़क निर्माण करने वाली एजेंसी, पथ निर्माण विभाग और नगर निगम से भी शिकायत की। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

इलाके में जलजमाव से घरों में कैद हुए लोग • फोटोन न्यूज

प्रोफेसर चयन के लिए साक्षात्कार की तिथि की गई घोषित

DHANBAD: बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए आवश्यकता आधारित सहायक प्रोफेसर बहाली की प्रक्रिया चल रही है। इस क्रम में 11 जून को राजनीति विज्ञान के लिए आवेदकों का साक्षात्कार लिया जाएगा। इस विषय के लिए अब तक कुल 17 आवेदन विश्वविद्यालय को प्राप्त हुए थे। स्क्रूटनी के बाद सभी को साक्षात्कार के लिए विश्वविद्यालय में आर्मंत्रित किया गया है। साक्षात्कार निर्धारित तिथि पर सुबह 8 बजे से आरंभ होगा। वहीं वाणिज्य, अर्थशास्त्र, जूलाजी, मनोविज्ञान, खोरठा, लाईफ साइंस, बंगाली, बॉटनी, फिजिक्स, उर्दू, पर्यावरण विज्ञान, आपदा प्रबंधन व मास कम्पयूनिकेशन विषयों के लिए साक्षात्कार कार्य पूरा कर लिया गया है।

नाबालिग से दुष्कर्म के बाद हत्या, पोस्टमार्टम के लिए चार दिन बाद कब्र से निकाला गया शव

PHOTON NEWS PALAMU: पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के नावाडीह गांव में दुष्कर्म कर हत्या किए जाने की शिकायत पर एक 13 साल की किशोरी का शव उसके कब्र से गुरुवार को निकाला गया। एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद की मौजूदगी में एवं चैनपुर के अंचलाधिकारी चंद्रशेखर कुणाल की देखरेख में थाना प्रभारी निलेश कुमार ने डेड बॉडी को कब्र से बाहर निकाला और जरूरी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बता दें कि गत तीन जून को ही किशोरी का शव दफनाया गया था। बताया जाता है कि नावाडीह गांव की ही 13 साल की किशोरी गांव के अन्य लोगों के साथ 8 महीने पहले बिहार के सासाराम के आलमपुर में ईंट भट्ठे पर काम करने गई थी। ठेकेदार नरेश कोरवा किशोरी को ईंट भट्ठे पर काम करने के लिए ले गया था। बरसात के पहले सारे लोगों के घर आने की संभावना थी। इसी बीच 3 जून को ठेकेदार नरेश कोरवा किशोरी की डेड बॉडी लाकर उसके परिजनों को दिया। किशोरी की मां ने ठेकेदार पर हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की थी। इस बीच डेड बॉडी को दफना दिया गया, लेकिन उसकी मां और गांव के अन्य लोग किशोरी का शव कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम कराने की मांग कर रहे थे। रामगढ थाना प्रभारी द्वारा कब्र के शव निकालने में सुस्ती बरतने पर एसपी कार्यालय घेरने की तैयारी थी। इस बीच मेदिनीनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणि भूषण प्रसाद को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने टीम बनाकर डेड बॉडी को कब्र से बाहर निकाला।

पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में शव को बाहर निकालता मजदूर • फोटोन न्यूज

बड़कागांव में शिव भक्तों ने किया धुरिया लोटन

HAZARIBAG : हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड में शिव भक्तों ने धुरिया लोटन किया. गुरुवार की सुबह शिव भक्तों ने अहले सुबह भगवान शंकर एवं माता पार्वती की पूजा-अर्चना करने के बाद धुरिया लोटन किया. शिव भक्त शिव मंदिर से लेकर हरदरा नदी (सूर्य मंदिर) तक 800 मीटर तक लोटते हुए पहुंचे और नदी में स्नान किया. इसके बाद गंगा स्तुति करके वैतरणी पार की. बेंत की लकड़ी को मोड़कर बालू में गाड़कर एक गोल रिंग बना दिया. इसके अंदर से शिव भक्त इस पार से उस पार तक गए और जलाशय में डूबकी लगाकर अपनी भक्ति और शक्ति का परिचय दिया. इसे देखने के लिए हजारीबाग जिले के हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी. संजत के मौके पर शिव भक्तों ने नहाय खाय किया. गुरुवार की रात को खरना करके 24 घंटे का उपवास पर कर रहे हैं। शुक्रवार को शाम में मेला लगेगा. 8 जून को शिव भक्त अपने हठयोग का परिचय देंगे और झूलेंगे. इसके पहले 7 जून की रात को भगवान शंकर एवं पार्वती का विवाह कार्यक्रम होगा. 8 जून को तड़के 3:00 बजे शिव भक्त दहकते अंगारों पर चलकर अपनी भक्ति का प्रदर्शन करेंगे. इसके बाद भक्त 7 बार नदी में जाकर स्नान करेंगे.

लोहरदगा में एएसआई का हत्यारोपी गिरफ्तार

PHOTON NEWS LOHARDAGA: एएसआई धर्मेंद्र सिंह हत्याकांड के आरोपित सिपाही अनंत सिंह मुंडा को पुलिस ने करीब 12 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। साथ ही एएसआई के शव को भी बरामद कर लिया गया। पुलिस ने एएसआई के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। बताया जाता है कि घटना के बाद सिपाही ने खुद को रूम में बंद कर लिया था। लोहरदगा एसपी हरिश बिन जमा और पुलिस की टीम ने 10 घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद सिपाही पर काबू पाया और उसे गिरफ्तार किया।

बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव खत्म कराने के बाद वापस लौटे सिपाही अनंत मुंडा ने एएसआई धर्मेन्द्र सिंह को गोली मार दी थी। यह घटना बुधवार की देर रात जिले के सदर थाना क्षेत्र स्थित एसपी आवास के पीछे में घटी थी। गोली लगने से एएसआई धर्मेन्द्र सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी थी। घटना की रात अनंत मुंडा ने अपनी पत्नी और बच्चों को घर में बंद कर दिया था। उसकी सर्विस राइफल उसके साथ थी। जब साथी पुलिसकर्मियों ने उसे राइफल वापस लेने की कोशिश की तो उसने मना किया। काफी मशक्कत के बाद उसने कमरे का दरवाजा खोला।

एमबीएनएस इंस्टीट्यूट के छात्रों ने निकाली पर्यावरण रैली

JAMSHEDPUR : एमबीएनएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण जागरुकता रैली निकाली। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में लगभग 50 पौधे लगाए गए, जिसकी शुरूआत अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने की। पर्यावरण और पर्यावरण के संरक्षण के बारे में प्राचार्य पिंकी सिंह, सहायक प्रोफेसर दीपिका भारती, सपना कुमारी रॉय, भबतारण भकत आदि ने अपने विचार रखे।

वट सावित्री की पूजा कर सुहागिनों ने मांगा अखंड सौभाग्य का वरदान

रांची, जमशेदपुर, खूंटी व हजारीबाग सहित पूरे राज्य में वट सावित्री का त्योहार गुरुवार को पूरे श्रद्धा और विधि-विधान से मनाया गया। वट सावित्री पर्व मनाने को लेकर ऐसी धार्मिक मान्यता है कि सतयुग में अश्वपति नामक एक राजा थे। उनकी सावित्री नामक एक अत्यंत सुंदर कन्या थी। जन्म के समय ही नारद मुनि ने राजा अश्वपति को बता दिया था विवाह के एक साल बाद ही सावित्री के पति की मृत्यु हो जायेगी। यह सुनकर राजा विचलित हो गये। नारद ने सावित्री के पति की मौत की भविष्यवाणी करते हुए बताया था कि उसकी मौत ज्येष्ठ महीने की अमावश्या तिथि को होगी। अश्वपति ने सावित्री को अपना पति खुद चुनने को कहा। उसी समय अपने राज्य से निष्कासित राजा द्युमेत्सेन जंगल में रहते थे। दोनों नेत्रहीन थे। उनका एक पुत्र था जिसाका नाम सत्यवान था। सत्यवान को देखते ही सावित्री उस पर मोहित हो गई और अपने पिता से सत्यवान से विवाह कराने का अनुरोध किया। विवाह कें साल बाद जब ज्येष्ठ महीने की अमावश्याा तिथि पहुंचने लगी, तो सावित्री ने अन्न-जल का त्याग कर भगवान की भक्ति में लीन रहने लगी। नीयत समय पर वट वृक्ष से लकड़ी काटने के दौरान सत्यवान मुर्छित हो गये। यह देख सावित्री ने अपने पति के सरि को गोद में रख लिया और उसी अवस्था में सत्यवान की मृत्यु हो गई। यमराज उनके प्राण लेंने के लिए पहुचे, पर सती सावित्री के पास जाने की उनकी हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने सावित्री से पति का मोह छोड़ देने का अनुरोध किया, पर सावित्री टस से मस नहीं हुई। अंतत: यमराज ने कहा कि सत्यवान के प्राण के बदले तुम तीन वरदान मांग सकती हो। सावित्री ने पहला वरदान मांगा कि उसके नेत्रहीन सास-ससुर की आंखों की ज्योति वापस आ जाए। दूसरा वरदान उन्होंने ससुर का राज्य वापस पाने का वरदान मांगा। अंतिम वरदान में सावित्री ने पुत्रवती होने का वरदान माग लिया। इस पर यमराज के मुंह से तथास्तु निकल गया। इस पर सावित्री ने कहा कि आप यदि मेरे पति को ले जाएंगे, तो पुत्रवती कैसे बनूंगी। हार कर यमराज ने सत्यवान कें प्राण वापस कर दिये और वरदान दिया कि ज्येष्ठ मास की अमावस्या तिथि को वट सावित्री का व्रत करनें वाली महिलाओं का अखंड सौभाग्य की प्रापित होगी। इसलिए सभी सुहागिनों को इस व्रत को जरूर करना चाहिए।

रांची में महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा, अखंड सौभाग्य का मांगा वर

PHOTON NEWS RANCHI : राजधानी रांची में गुरुवार को वट सावित्री का पर्व धूमधाम से मनाया गया। सुहागिन महिलाएं सुबह में स्नान करने के बाद वटवृक्ष के नीचे एकत्रित हुईं और विधि विधान से पूजा कर कच्चे धागे को पेड़ में बांधते हुए अखंड सौभाग्य के लिए अपने पति के दीघार्यु होने की कामना की।

रांची के पहाड़ी मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में भी सुहागिन महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर वट सावित्री की कथा सुनी। इस दौरान दान पुण्य देकर अखंड सौभाग्य की कामना की। महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर और बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की रक्षा और वैवाहिक सुख के लिए व्रत रखती हैं और वट वृक्ष के चारों ओर धागा बांधकर 108 बार परिक्रमा करती हैं। इसका बहुत महत्व बताया जाता है। हिंदू धर्म की मान्यता के अनुसार ज्येष्ठ मास की अमावस्या के दिन वट सावित्री की पूजा की जाती है। इस दिन महिलाओं द्वारा उपवास रखा जाता है, जो बरगद के पेड़ की पूजा करती हैं। शास्त्रों के अनुसार वट सावित्री व्रत को करवा चौथ जितना ही महत्वपूर्ण बताया गया है।

खूंटी में जगह-जगह वट वृक्ष में बांधा गया लाल धागा, हुई पूजा-अर्चना

वट सावित्री की पूजा करतीं महिलाएं • फोटोन न्यूज

KHUNTI : वट सावित्री के पावन मौके पर सुहागिन महिलाओं ने गुरुवार को वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर और पेड़ में रक्षा सूत्र बांधकर अखंड सौभाग्य का वरदान मांगा। जिला मुख्यालय के अलावा तोरपा, कर्रा, रनिया, मुरहू और अड़की प्रखंड के कस्बाई और ग्रामीण इलाकों में वट सावित्री का त्योहार पूरे श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया। वट सावित्री को लेकर सुबह से ही मंदिरों और वट वृक्षों के पास सुहागिनों की भीड़ उमड़ने लगी थी। शहरी क्षेत्र में तो महिलाओं को पूजा करने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। सुहागिनों ने पूजा-अर्चना के बाद पडितों से सावित्री और सत्यवान की कथा सुनी और पति की लंबी उम्र की कामना की।

जमशेदपुर में महिलाओं ने रखा व्रत पति की लंबी आयु के लिए की प्रार्थना

पोटका में पूजा-अर्चना के बाद एक दूसरे को सिंदूर लगातीं महिलाएं • फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के अलग-अलग इलाकों में वट सावित्री का त्योहार पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। मानगो, कदमा, सोनारी, परसुडीह, सिदगोड़ा, बारीडीह में जगह-जगह पूजा-अर्चना हुई। इसके अलावा पोटका, पटमदा, घाटशिला, बहरागोड़ा, चाकुलिया में भी महिलाओं ने व्रत रखकर प्रार्थना की। साईं परिवार विश्व सेवा संस्थान, जमशेदपुर के तत्वाधान में श्री साईंनाथ देवस्थानम, घोड़ाबांधा, टेल्को में गुरुवार को वट सावित्री पूजा एवं शनि जयंती के अवसर पर नवग्रह पूजन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुरोहित नंदलाल मिश्रा द्वारा नवग्रह पूजन, शनि देव की अष्टोत्तर नाम, नवग्रह स्तोत्र पारायण, आरती एवं पुष्पांजलि की गई।

हजारीबाग की डीसी ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा वट सावित्री व्रत

HAZARIBAG : हजारीबाग जिला सहित प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार को वट सावित्री का पर्व धूमधाम से मनाया गया। उपायुक्त नैंसी सहाय ने भी अपने पति की दीघार्यु के लिए वट सावित्री की पूजा कर कथा को सुना। जिले के अलग-अलग प्रखंडों में सुहागिन महिलाएं सुबह में स्नान करने के बाद वटवृक्ष के नीचे एकत्रित हुई और विधि विधान से पूजा कर कच्चे धागे को पेड़ में बांधते हुए अपने पति के दीघार्यु होने की कामना की। इस दौरान महिलाओं ने वट सावित्री व्रत कथा का कथा वाचन एवं श्रवण किया। इसके बाद अपने पति आशीर्वाद लिया। ज्ञात हो कि वट सावित्री का व्रत महिलाएं अपने पति के दीघार्यु के लिए करती हैं। वट सावित्री को लेकर बाजारों में बुधवार को काफी चहल पहल देखी गई। वहीं गुरुवार को वट वृक्ष के नीचे महिलाओं की भीड़ देखी गई। पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही महिलाएं एकत्र होने लगीं थीं। दोपहर तक यह सिलसिला जारी रहा।

पूजा करतीं उपायुक्त नैंसी सहाय

BRIEF NEWS

विवादित जमीन का मामला कोर्ट में चलने के बावजूद चल रहा है काम

RANCHI : राजधानी रांची में बीते दिनों कई हत्याकांड जमीन मामले को लेकर हुआ है. रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने खुद सभी थाना प्रभारियों से जमीन माफियाओं को चिन्हित कर और विवादित जमीन पर कार्रवाई करने का आदेश दिया था. ऐसा ही मामला बुंडू इलाका का है जहां पर विवादित जमीन का मामला कोर्ट में चलने के बाद भी उक्त जमीन पर काम चालू है. जमीन विवाद को लेकर किष्टो लायक कोर्ट गए हैं लेकिन उनका जमीन पर अवैध रूप से जमीन माफियाओं ने कब्जा कर लिया है. जमीन माफिया जेसीबी से काम करा रहा है. किष्टो लायक के जमीन का खाता संख्या 1346 और प्लाट संख्या 2450 व 2451 है. यह मामला फिलहाल हाई कोर्ट में लंबित है. हाई कोर्ट में मामला रहने के बावजूद जमीन माफिया ने जबरन रूप से जमीन कब्जा कर अपना काम कर रहा है.

आर्किटेक्ट की जमानत पर सुनवाई 19 जून को

RANCHI : रांची में जमीन घोटाला मामले में बड़गाई की 8.5 एकड़ जमीन कब्जा मामले में आरोपित विनोद सिंह की अग्रिम जमानत पर गुरुवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। कोर्ट ने उनके आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की अगली सुनवाई 19 जून निर्धारित की है। विनोद सिंह ने रांची पीएमएलए (धन शोधन निवारण अधिनियम) की विशेष अदालत में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की है।

विधायक के खिलाफ कोर्ट में सुनवाई 20 जून को

RANCHI : सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा से जुड़े महिला के साथ दुर्व्यवहार करने और जान से मारने की धमकी देने से संबंधित मामले में शिकायतकर्ता रश्मि संचिता एक्का की याचिका पर गुरुवार को अभियोजन पक्ष कोर्ट में जवाब दाखिल नहीं किया जा सका। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 20 जून को निर्धारित की है। सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा के खिलाफ दर्ज की गई शिकायतवाद (कंप्लेन केस) में कुछ अतिरिक्त अपराधिक धाराओं को जोड़ने के लिए शिकायतकर्ता ने कोर्ट में आवेदन दाखिल किया है।

एक्स्ट्रीम बार के संचालक समेत अन्य को मिली बेल

RANCHI : रांची सिविल कोर्ट ने एक्स्ट्रीम बार के संचालक विशाल सिंह, उदय सिंह, पंकज अग्रवाल और रवि कुमार को जमानत दे दी है। विशाल को न्यायिक दंडाधिकारी शम्भू महतो की कोर्ट ने जमानत की सुविधा प्रदान की है। दरअसल 26 मई की देर रात एक्स्ट्रीम बार में जमकर मारपीट के बाद गोली चली थी। जिसमें बार के डीजे संदीप प्रमाणिक की मौत हो गयी थी। इसके बाद 28 मई को पुलिस ने मारपीट के आरोप में बार के मालिक उदय शंकर सिंह, बार का लीज होल्डर विशाल सिंह सहित नौ लोगों को गिरफ्तार किया था।

झारखंड में अभी भीषण गर्मी से नहीं मिलेने वाली है राहत

PHOTON NEWS RANCHI :

- 10 जून तक 16 जिलों में हीटवेव की चेतावनी, आईएमडी ने जारी किया अलर्ट
- अधिकतर जगहों पर अधिकतम तापमान तीन दिनों में 3 डिग्री बढ़ेगा

थोड़ा उतार-चढ़ाव के बाद भी अभी झारखंड में गर्मी अपने पूरे देवर में दिख रही है। मौसम केंद्र के प्रमुख अभिषेक आनंद ने कहा है कि शुक्रवार 7 जून से 10 जून के बीच झारखंड के अधिकतर जिलों में लू का प्रकोप देखा जाएगा. झारखंड के उत्तर-पश्चिमी, मध्य, दक्षिणी तथा उससे सटे उत्तर-पूर्वी भागों में कहीं-कहीं हीट वेव की स्थिति देखी जाएगी. हालांकि, इसी दिन दक्षिण एवं मध्य भागों में कुछ जगहों पर तेज हवाओं के साथ वज्रपात होने की भी संभावना है. मौसम केंद्र के प्रमुख के मुताबिक, 8 से 10 जून तक राज्य के उत्तर-पश्चिमी, मध्य, दक्षिणी और उससे सटे उत्तर-पूर्वी भागों में कुछ जगहों पर लू चलेगी. उत्तर-पश्चिमी हिस्से में 6 जिले आते हैं. दक्षिणी हिस्से में 4 और मध्य झारखंड में 6 जिले आते हैं. इस तरह 16 जिलों में 8 से 10 जून तक ल्एअळ हअश्ए (उष्ण लहर या लू) चलने की संभावना है. मौसम विभाग से मिल रही जानकारी के अनुसार, राज्य के 14 जिलों में बुधवार को पारा 40 डिग्री के पार रहा। गुरुवार को भी तपिश का मिजाज इसी तरह का बना हुआ है। सबसे विकट स्थिति पलामू (मेदिनीनगर) और गढ़वा में देखी जा रही है। गढ़वा में पारा 43.9 डिग्री, मेदिनीनगर में 43 डिग्री और सरायकेला में 43.2 डिग्री दर्ज किया गया। उमस के कारण जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। राज्य के जिन जिलों में गुरुवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री से अधिक रहा। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया है कि पलामू और आसपास के जिलों में अगले तीन दिन लू का प्रकोप जारी रहेगा।

रांची में 7 जून से बढ़ जाएगा तापमान, लू चलने की संभावना

लगातार हो रहा मौसम में बदलाव

मौसम विभाग की ओर से बताया गया है कि पश्चिमी हवा का प्रवाह झारखंड की ओर है। वहीं समय-समय पर बंगाल की खाड़ी से होकर आनेवाली हवा के कारण राज्य के मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। यही वजह है कि कभी तेज गर्मी पड़ रही है तो कभी बादल और हवा के कारण राहत भी मिल रही है। सात से नौ जून तक संथाल के जिलों को छोड़कर राजधानी समेत राज्य के सभी जिलों में गर्मी जहां बढ़ेगी, वहीं पलामू, गढ़वा, चतरा और पश्चिमी भाग को छोड़कर रांची समेत कोल्हान के विभिन्न इलाकों में मौसम के बदलाव का सिलसिला जारी रहेगा।



ट्रैफिक पुलिस के लिए एसएसपी ने किया विशेष प्रबंध

राजधानी रांची में कई दिनों से सूरज की तपिश कम नहीं हो रही है। कड़ी धूप के कारण सभी को परेशानी हो रही है लेकिन ट्रैफिक पुलिस के जवान धूप के कारण सबसे ज्यादा परेशान हैं । इस प्रचंड गर्मी में भी रांची की यातायात पुलिस शहर की यातायात व्यवस्था को संभाल रही है। प्रचंड गर्मी से बचाव के लिए एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने यातायात व्यवस्था में तैनात ट्रैफिक पुलिस के लिए विशेष प्रबंध किया है। ट्रैफिक पुलिस को धूप वाला चश्मा, ग्लूकोन डी, हॉट एंड कोल्ड बोतल और ओआरएस दिया गया है। इसके साथ ही इस भीषण गर्मी में तैनात ट्रैफिक पुलिस के कामकाजों को सराहा गया है। चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि कर्मियों को पहले जो गॉगल्स मिले थे, वे पुराने हो गए थे, इसलिए उनके लिए नए चश्मे मंगवाए गए थे, जिन्हें गुरुवार को सभी ट्रैफिक कर्मियों के बीच वितरित किया गया। ड्यूटी करते समय गॉगल्स पहनने से कर्मियों को धूप से राहत मिलेगी और सड़क पर उड़ने वाली धूल से भी उनकी आंखें सुरक्षित रहेंगी।

कोतवाली थाना क्षेत्र की पुरानी रांची में देर रात दो गुटों के बीच हुई घटना

जमीन विवाद को लेकर मारपीट व फायरिंग, एक को लगी गोली

PHOTON NEWS RANCHI :

कोतवाली थाना क्षेत्र के पुरानी रांची में जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। इस मारपीट में दोनों पक्षों ने फायरिंग भी की। फायरिंग में आकाश नाम के युवक को गोली लगी है, जिसका इलाज रिम्स में चल रहा है। घटना बुधवार देर रात की है। जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मारपीट और फायरिंग की घटना गगन और आकाश गुट के बीच हुई है। बताया जा रहा है कि दोनों अलग-अलग बिल्डर के लिए जमीन पर कब्जा करने का काम करते हैं। गगन ने एक बिल्डर के लिए बाउंड्रीवाल बनवाई थी जिसे दूसरे पक्ष ने देर रात तोड़ दिया, जिसके बाद हंगामा शुरू हो गया और फिर मारपीट और फायरिंग भी हुई। मारपीट में कुछ अन्य लोग भी घायल हुए है। इलाके में अभी भी स्थिति तनावपूर्ण है, एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात किया गया है। फायरिंग में घायल युवक को अस्पताल भेजने के बाद सड़क पर लोगों ने हंगामा किया। मामले की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पहुंची और लोगों को शांत कराया। आक्रोशित लोगों ने कोतवाली थाने में भी जमकर हंगामा किया, यहां तक की कोतवाली डीएसपी से धक्का-मुक्की भी की गई। किसी तरह पुलिस ने मामले को शांत कराया। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि आपसी विवाद के बाद दो पक्षों में मारपीट हुई है।

आदिवासी संगठनों ने कोतवाली थाना घेरा, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

RANCHI : पुरानी रांची में बीती रात हुए गोलीकांड के विरोध में विभिन्न आदिवासी संगठनों के लोगों ने आज गुरुवार को कोतवाली थाना का घेराव किया. इस दौरान आदिवासी संगठनों ने गोली चलाने वाले जमीन दलाल को जल्द से गिरफ्तार करने की मांग की. थाना घेरने आये लोगों ने कोतवाली थाना हाय-हाय, पैसा लेकर निर्दोष को गिरफ्तार करना बंद करो के नारा लगाये. आदिवासी संगठनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर रांची बंद करने की भी चेतावनी दी. सामाजिक कार्यकर्ता आकाश बेग ने कहा कि जमीन दलाल माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं. वे खुलेआम आदिवासी समाज के लोगों पर गोली चला रहे हैं. गोलीकांड के करीब 12 घंटे हो गये हैं, लेकिन आरोपी की अबतक गिरफ्तारी नहीं हुई है. कहा कि जिस जमीन को लेकर गोलीबारी हुई है, वह डाली कतारी नेजर का है. इसलिए इस जमीन खरीद बिक्री नहीं हो सकती है. लेकिन जमीन कारोबारी कानून ताक पर रखकर धार्मिक जमीन को खरीदने और बेचने का काम कर रहे हैं. आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेमशाही मुंडा ने कहा कि 12 घंटा से ज्यादा हो गया है. लेकिन अभी तक भू-माफिया पर कोई कार्रवाई नहीं की गयी है. अगर आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो रांची बंद करेंगे. बता दें कि पुरानी रांची के अखाड़ा चौक के पास बुधवार की देर रात गगन और आकाश गुट के बीच मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई थी. बताया जा रहा है कि दोनों गुट अलग-अलग बिल्डर के लिए जमीन पर कब्जा करने का काम करते हैं. गगन ने एक बिल्डर के लिए बाउंड्रीवाल बनवायी थी, जिसे दूसरे पक्ष ने देर रात तोड़ दिया. जिसके बाद हंगामा शुरू हुआ.

कोतवाली थाने का घेराव करते आदिवासी संगठनों के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

डीजीपी ने मादक पदार्थों को ले की समीक्षा बैठक

अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीजीपी। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI :

झारखंड के डीजीपी अजय कुमार सिंह ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में मादक पदार्थ की तस्करी की रोकथाम के लिए राज्य के आला अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में डीजीपी ने मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए कारगर ढंग से कार्रवाई करने तथा तस्कर गिरोह के गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन करते हुए कड़ी कार्रवाई करने को कहा। वहीं मादक पदार्थ से सम्बंधित दर्ज मामलों का नियमानुकूल अनुसंधान करते हुए साक्ष्य संकलित करने का भी निर्देश दिया। समीक्षा में स्कूल एवं कॉलेजों के छात्र एवं युवाओं पर इसके दुष्प्रभाव के रोकथाम के लिए स्कूल, कॉलेज के आसपास की दुकानों पर नजर रखने को कहा है। तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध अनुशासनिक करवाई का निर्देश दिया। डीजीपी ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो एवं राज्य पुलिस के बीच आपसी समन्वय बढ़ाने एवं बेहतर परिणाम प्राप्त करने के लिए तैयार किए गए एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मादक पदार्थों की तस्करी से संबंधित दर्ज कांडों के गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान, जप्ती सूची तैयार करने सहित उसका सैंपल तैयार करना तथा उनके विनिष्टिकरण के लिए मानक बिंदुओं का अनुपालन कराने के लिए जिला स्तर पर पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षित करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में डीजीपी अजय कुमार सिंह, सीआईडी डीजी अनुराग गुप्ता, एडीजी मुख्यालय आरके मल्लिक, रांची रेंज के आईजी अखिलेश झा, आईजी प्रोविजन पंकज कम्बोज, आईजी सीआईडी असीम बिक्रांत मिंज, एसपी विशेष शाखा चन्दन कुमार झा एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रक्षेत्रीय आईजी, क्षेत्रीय डीआईजी, एसएसपी, एसपी ने भाग लिया।

सिल्लीगुड़ी से स्कूटी चोरी कर पहुंचा रांची, दो धराए

RANCHI : बैंक में बैठ कर घंटों रेकी कर लूट करनेवाले गिरोह का रांची पुलिस ने खुलासा किया है. गिरोह के आधा दर्जन लोग करीब तीन माह से झारखंड में रह कर घटना को अंजाम दे रहे थे. आरोपी सिल्लीगुड़ी से चोरी की स्कूटी से रांची पहुंचे थे. रांची में स्कूटी में फर्जी नम्बर लगा कर रेकी करते थे. गिरोह के लोग टारगेट सेट करके उनका पैसा उड़ा देते थे. रांची के सुखदेवनगर थाना पुलिस ने गिरोह के दो लोगों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों में आनंद ग्वाला और बिजेंद्र ग्वाला के नाम शामिल हैं. दोनों बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के राजगंज थाना क्षेत्र स्थित फातलफुकुल के रहनेवाले हैं. आरोपी तीन दिन पूर्व बोकारो में भी लूट की घटना को अंजाम दिया था. गिरोह के लोग ग्राहक बन कर बैंक में बैठ कर रेकी करते थे.

जज्बा हाशिम अब्दुल्लाह ट्रस्ट ने बांटा ग्लूकोज और पानी

PHOTON NEWS RANCHI :

गुरुवार को फिरायालाल में जज्बा हाशिम अब्दुल्ला ट्रस्ट की ओर से रांची के विभिन्न ट्रैफिक पोस्ट पर ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के बीच भीषण गर्मी को देखते हुए उनके लिए ग्लूकोज, पानी बोतल, एनर्जी ड्रिंक, गमछा, खाने के लिए बिस्कुट, आदि जरूरी सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर रांची के ट्रैफिक डीएसपी प्रमोद केशरी उपस्थित होकर जज्बा ट्रस्ट को बधाई दी और कहा कि इंसान के अंदर इसी तरह सेवा भाव करने की जज्बा होने की जरूरत है, ताकि मानवता जिंदा उन्होंने सभी सिपाही और आप जनता के बीच राहत सामग्री का भी वितरण किया। ओडिशा के अग्रणी सामाजिक संगठन, जज्बा हाशिम अब्दुल्लाह ट्रस्ट, ने 2018 से अपनी सेवाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग की सहायता करने का नेक काम शुरू किया।

जंगल में मिली अधेड़ महिला की डेड बॉडी

PITHAURIA : पिठोरिया थाना क्षेत्र के ओखरगड़ा जंगल मे एक अधेड़ महिला की लाश मिली है। ग्रामीणों की सूचना पर पिठोरिया पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। शव की पहचान पिठोरिया थाना क्षेत्र के मदनपुर टंगरा टोली निवासी महादेव उरांव की पत्नी काली उरांव (61) के रुप में हुई है। इस संबंध में मृतका का बेटा बुदु उरांव ने पिठोरिया थाना क्षेत्र के ओखरगढ़ा निवासी छोटू करमाली को नामजद आरोपी बनाया है। आरोप है कि तीन जून को अपराह्न 4 बजे उसकी मां काली उरांव को छोटू करमाली अपनी बाइक में कुम्हरिया बाजार ले गया था।उसी दिन से उसकी मां लापता थी और 6 जून को मेरी मां की लाश मिली।आवेदन में पुत्र ने दुष्कर्म कर हत्या करने का आरोप लगाया है।

युवक को बेइज्जत करने वाले सीओ को बर्खास्त करें : विजय

PHOTON NEWS RANCHI :

गुरुवार को संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड प्रभारी विजय शंकर नायक ने कहा कि नगड़ी अंचल के सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव द्वारा नगड़ी निवासी युवक निकू महतो द्वारा कैरक्टर सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर कराने के लिए अंचल पदाधिकारी के पास पहुंचा था, लेकिन पदाधिकारी ने उसके सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर तो नहीं किया, उल्टे युवक को बेइज्जत कर कार्यालय से बाहर निकाल दिया। ऐसे अधिकारी को मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन तुरंत बर्खास्त करें। आगे कहा की सोशल मीडिया में वीडियो के वायरल होने पर उसके बाद सीओ ने उसको युवक को बुलाकर उसके कैरक्टर सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर किया, जो निंदनीय विषय है। इसे बर्दाश्त नही किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी ऐसे पदाधिकारी को संरक्षण नहीं देकर ऐसे पदाधिकारी को तुरंत सेवा से बर्खास्त किया जाना चाहिए, ताकि जनता और पदाधिकारी के बीच में एक संदेश दिया जा सके कि जनता से बड़ा पदाधिकारी नहीं हो सकता है। ऐसे पदाधिकारी को यह भी सोचना चाहिए कि उन्हें जनता के काम करने के लिए ही उन्हें पद दिया गया है और जनता के दिए गए टैक्स के पैसे से ही उन्हें वेतन का भुगतान किया जाता है।

झारखंड आज भी भूख से मुक्त नहीं हो पाया : मुफ्ती

RANCHI : गुरुवार को झारखंड नवनिर्माण मोर्चा की एक हम बैठक लोअर बाजार थाना क्षेत्र फूल बागान के केंद्रीय कार्यालय में हुई। अध्यक्षता मोर्चा के संयोजक मुफ्ती अब्दुल्लाह अजहर कासमी ने की और मोर्चा के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। कहा कि झारखंड राज्य का 24 साल पूरा हो गया। लेकिन, झारखंड का सपना अभी अधूरा है। झारखंडियों ने जो सपना देखा था, उसको कुचलना के लिए सभी पॉलिटिकल पार्टियों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। झारखंड आज भी भूख और भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं हो पाया। जल, जंगल, जमीन का अपने-अपने तौर पर सभी पॉलिटिकल पार्टियों ने सौदा किया। अब तो झारखंड की अस्मिता ही खतरे में है। एससी एसटी ओबीसी और माइनॉरिटी आज भी भुखमरी, बेरोजगारी का शिकार है।

नगड़ी सीओ ने युवक के साथ किया था दुर्व्यवहार, लोगों ने विरोध में जमकर किया हंगामा

अंचल कार्यालय में ग्रामीणों ने काटा बवाल

PHOTON NEWS PISKANAGRI :

नगड़ी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में बुधवार को आम दिनों की तरह समय में खुला पर नगडी प्रखंड सह अंचल कार्यालय खुलने की जानकारी मिलते ही नगडी चौक में ग्रामीण जुट होकर भाजपा नेता शिव चरण कुशवाहा और भाजपा नेता चुड़ामनी महतो के नेतृत्व में नगडी प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे और अंचल कार्यालय का घेराव किया । बुधवार को नगड़ी सीओ के द्वारा एक युवक से दुर्व्यवहार के कारण नगड़ी प्रखंडवासी आक्रोशित हैं नगड़ी के दर्जनों ग्रामीण गुरुवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय नगड़ी पहुंचे और खूब हंगामा किया और ग्रामीणों ने नगड़ी अंचलाधिकारी राकेश कुमार श्रीवास्तव के विरोध में नारेबाजी करने लगे नगड़ी सीओ होश में आओ ऐसी दादागिरी नहीं चलेगी नगड़ी सीओ को बर्खास्त करो सहित कई मांगो के साथ लोगों ने करीब चार घंटा लगातार नगड़ी प्रखंड सह अंचल कार्यालय का घेराबंदी कर नारा लगाते रहे। मौके पर उपस्थित नगड़ी प्रखंड मुखिया समिति के अध्यक्ष संजय उरांव ने कहा कि नगड़ी अंचलाधिकारी का लोगों के प्रति व्यवहार एक अफसरशाही है। सीओ के इस दुर्व्यवहार की निंदा की गई। मुखिया समिति के अध्यक्ष सीओ के ऐसे व्यवहार का विरोध किया सीओ के विरुद्ध लिखित शिकायत जिला के वरीय अधिकारियों के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी एक ज्ञापन सौंपकर सीओ को तत्काल बर्खास्त की मांग रखेंगे। नगड़ी प्रखंड के सभी मुखियागण एक स्वर में सीओ को तत्काल नगड़ी अंचल से मुक्त करने की मांग की है। । मौके पर नगड़ी निवासी भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य शशि भूषण भगत ने सीओ के प्रमाण पत्र बनाने गए युवक के साथ कि गयी दुर्व्यवहार निंदा की है। अभिलंब ऐसे अधिकारी को पदमुक्त कर देना चाहिए हम सरकार से इसके कार्यकाल में हुए तमाम कार्यों का जांच की मांग करते हैं और यह अधिकारी अगर एक सप्ताह के अंदर नहीं हटे तो नगड़ी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में उनके विरुद्ध में अनिश्चितकालीन घेराबंदी सह पूर जोर आंदोलन किया जाएगा। मौके पर अंचल कार्यालय पहुंचे नगरी अंजुमन इस्लामिया के सदर दिलरुबा हुसैन ने कहा कि संस्कार विहीन यह जब से नगड़ी में सी ओ के पद में ज्वाइन किया है। तब से लगातार दुर्व्यवहार और भ्रष्टाचार की शिकायतें हम लोगों को सुनने को मिल रही है यह सिर्फ नगड़ी में सिर्फ और सिर्फ पैसा कमाने के ही मकसद से आया है बिना पैसा के एक भी काम सीओ नहीं करता है इस पर कार्रवाई होना चाहिए।

अंचल कार्यालय में हंगाम करते ग्रामीण। ● फोटोन न्यूज

करीबी बनकर खाते से उड़ा लिए 20.21 लाख

PHOTON NEWS GIRIDIH :

रिटायर्ड प्रोफेसर का करीबी बनकर उनके खाते से 20.21 लाख रूपया का निकासी कर लिया गया। इसे लेकर रोहित सिन्हा नाम के व्यक्ति ने जगन्नाथपुर थाना में शिकायत दर्ज करवाया है। दर्ज कराए गए शिकायत में कहा गया है कि मेरी बुआ भारती सिन्हा हेसाग में रहती है। घर में गिर जाने से उनका दायां पैर टूट गया है और शारीरिक रूप से बहुत कमजोर है। मेरी बुआ भारती सिन्हा की नजर कमजोर है और वह कान से भी कम सुनती हैं। जिस कारण बैंक, बाजार, डॉक्टर, निर्मला कॉलेज या फिर अन्य काम से आने जाने के लिए एक ऑटो चालक सुनील साहू का सहयोग लेती थी। सुनील साहू हटिया स्टेशन रोड में रहता है। लगातार मेरी बुआजी के संपर्क में रहने के कारण बुआजी सुनील साहू पर पूरा भरोसा करती थी। एसबीआई के डोरंडा शाखा में मेरी बुआ का खाता है। अलग-अलग दिनों में सुनील साहू ने मेरी बुआ के घर पर बैठ कर उनके ही मोबाइल नंबर से 20.21 लाख रूपया दूसरे खाता में ट्रांसफर कर दिया।

पूर्वी सिंहभूम के पोटका प्रखंड में दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में दो की गई जान

पेड़ से टकराई तेज रफ्तार बाइक, युवक की मौत

PHOTON NEWS POTKA: पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका प्रखंड स्थित कोवाली थाना क्षेत्र में बुधवार रात एक तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकरा गई, जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बाइक पर सवार एक युवती सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना कुटसुरी में रात लगभग 2 बजे की है। बताया जाता है कि एक बाइक पर एक युवती समेत तीन लोग सवार होकर तेज रफ्तार से कोवाली की ओर जा रहे थे। इस बीच बाइक कुटसुरी के समीप सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। घटना की सूचना स्थानीय

पिंटू सरदार की फाइल फोटो

लोगों द्वारा कोवाली थाना की पुलिस को दी गई, जिसके बाद कोवाली पुलिस द्वारा घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा गया। मृतक पिंटू

- एक बाइक पर सवार थे युवती समेत तीन लोग, अब तक लड़की की नहीं हो सकी है पहचान

सरदार (23) हल्दीपोखर पूर्वी पंचायत के बलाईडीह का रहने वाला है एक अन्य घायल युवक निकास सरदार सुंदरनगर का रहने वाला है, जबकि युवती की पहचान अब तक नहीं हो पाई है। मृतक के माता-पिता का देहांत पहले ही हो चुका है। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। बहन ही अपने भाई पिंटू सरदार की देखभाल करती थी।

मिट्टी के ढेर में दबकर 8 वर्षीय मासूम ने तोड़ा दम

POTKA: पूर्वी सिंहभूम जिला के पोटका प्रखंड स्थित कोवाली थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर से दबकर 8 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। बताया जाता है कि कुटसुरी निजी तालाब से मिट्टी लाकर महुलडीहा में एक गड्ढा को भरा जा रहा था। इस दौरान छात्र शिवराज मंडल मिट्टी के ढेर के पास खड़ा था, जिसे ट्रैक्टर चालक नहीं देख पाया और ट्रॉली की मिट्टी गिरा दी। इसी मलबे में छात्र दब गया। घटना के तुरंत बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। परिजनों द्वारा आनन-फानन में सदर अस्पताल लाया गया, जहां

शिवराज मंडल की फाइल फोटो

चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृत छात्र महुलडीहा के ग्राम प्रधान विधान मंडल का इकलौता

- ट्रैक्टर चालक की गलती से गई बच्चे की जान, थाने में दर्ज कराई गई लिखित शिकायत, हो रही जांच

पुत्र था। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है। विधान मंडल ने बताया कि कुटसुरी के सरकारी तालाब से मिट्टी बेचने का कार्य कई दिनों से चल रहा था। विधानमंडल ने परसुडीह थाना में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मामले की जांच हो रही है।

लाल बाबा फाउंड्री केबल गोदाम में लगी आग

बर्मामाइंस में अगलगी से मची अफरातफरी

PHOTON NEWS JSR: बर्मामाइंस थाना अंतर्गत लाल बाबा फाउंड्री स्थित एक केबल गोदाम में गुरुवार दोपहर अचानक आग गई। आग लगने से वहां काम कर रहे कर्मचारियों के बीच अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना तुरंत गोदाम मालिक गौतम जायसवाल ने अग्निशमन विभाग को दी। सूचना पाकर झारखंड अग्निशमन विभाग की एक और टाटा स्टील की एक दमकल मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास में जुट गई। करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। जानकारी देते हुए गौतम जायसवाल ने बताया कि

आग लगने के बाद उठतीं लपटें

केबल गोदाम में कर्मचारियों द्वारा केबल को छीला जा रहा था। उसी बीच आंधी आने से उससे निकली चिंगारी से रबर में आग लग गई, फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

समाचार सार

मानगो के वंचित बच्चों ने देखा चिड़ियाघर

JAMSHEDPUR : गर्मी छुट्टी में मानगो के वंचित बच्चों ने गुरुवार को जुबिली पार्क का आनंद उठाया। समाजसेवी जितेंद्र साव की देखरेख में बच्चों ने चिड़ियाघर का भी भ्रमण किया। भाजपा नेता विकास सिंह को समाजसेवी जितेंद्र साव ने बताया कि गर्मी छुट्टी समाप्त होने को है और ये बच्चे पैसे के अभाव में कहीं भी घूमने नहीं जा सके हैं। अगली बार इन बच्चों को स्विमिंग पूल भी ले जाया जाएगा। विकास सिंह ने बताया कि पूरे क्षेत्र में संपर्क कर बच्चों की सूची अभिभावकों की मर्जी से तैयार की गई है।

एनएमएल में 90 यूनिट हुआ रक्तदान

JAMSHEDPUR : अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुसंधान व विकास के क्षेत्र में अपनी अमिट छाप छोड़ने वाले सीएसआईआर-एनएमएल के वैज्ञानिकों, तकनीकी शोधकताओं, प्रशासनिक स्तर के कार्मिकों, विद्यार्थियों, अस्थाई कार्मिकों एवं उनके परिजनों ने गुरुवार को स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में भाग लिया, जिसमें कुल 90 यूनिट रक्तदान हुआ। सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी के निर्देशन में अदित्य मैनाक, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं विप्लव विशाल, प्रशासनिक अधिकारी के मार्गदर्शन से आयोजित रक्तदान शिविर को सफल बनाने में एनएमएल स्टाफ क्लब के डॉ. एमएम हुमने, डॉ. कृष्ण कुमार, परमार्थ सुमन, नईम अंसारी, अभिषेक कुमार सिंह, डॉ. अंजनी कुमार साहू एवं वेद प्रकाश ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

गणेश हांसदा की स्मृति में 16 को रक्तदान शिविर

JAMSHEDPUR : वर्ष 2020 में चीनी सैनिकों के साथ गलवान घाटी में शहीद हुए गणेश हांसदा की स्मृति में 16 जून को रक्तदान शिविर लगाया जाएगा। आदिवासी युवा रक्तदाता राजेश मार्डी ने बताया कि यह शिविर बहरागोड़ा प्रखंड के बांसदा स्थित प्राथमिक विद्यालय में होगा।

साकची बाजार में लगाया वाटर कूलर

JAMSHEDPUR : मारवाड़ी युवा मंच, टाटानगर अचीवर्स शाखा ने साकची बाजार स्थित बाल मंदिर पूजा स्थल, बताशा लाइन में वाटर कूलर लगाया है। इसका उद्घाटन गुरुवार को किया गया, जिसमें अमृतधारा के प्रायोजक सन्नी संघी, सनी सिंह और हरप्रीत सिंह के अलावा शाखा अध्यक्ष अंशुल रिंगासिया, बाल मंदिर के संस्थापक सह सचिव सुमन अग्रवाल भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा सचिव विजय सोनी, शाखा कोषाध्यक्ष प्रतीक अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सन्नी संघी, हरप्रीत सिंह, अमित अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, प्रांतिया अमृतधारा संयोजक मोहित मूनका, रिंकू जालुका, बजरंग अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अमिश अग्रवाल, अश्विनी अग्रवाल का योगदान रहा।

सर्पदंश से भाई की मौत, बहन की हालत गंभीर

SUNDARGARH : सुंदरगढ़ जिले के बणई थाना क्षेत्र के काटूरीधुआ गांव में रात में सांप के डसने से एक बालक की मौत हो गयी, जबकि बहन की हालत गंभीर है। परिवार एक साथ सो रहा था तो भाई संदीप ओराम (4) और बहन अलीशा ओराम (12) को एक जहरीले सांप ने काट लिया। इलाज के दौरान भाई की मौत हो गई, जबकि बहन की हालत गंभीर होने के कारण उसे राउरकेला ले जाया गया।

शनिदेव जयंती पर झारखंड शांति यज्ञ में किया गया हवन-पूजन

पूजा-अर्चना करते पुजारी • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR: जुगसलाई में दुखु मार्केट के पास रेलवे लाइन किनारे सत्यनारायण मंदिर रोड स्थित शनिदेव मंदिर में गुरुवार को झारखंड शनि शांति यज्ञ (हवन) हुआ।

पूजा-अर्चना दामोदर शनि बाबा के नेतृत्व में पं. ज्ञानी शर्मा व अशोक शर्मा सहित 11 पुरोहितों ने कराई। अनुष्ठान की शुरूआत सूर्य पुत्र शनि देव के पूजन से हुई। आमवस्या के शुभ अवसर पर गुरूवार को प्रातःकाल 7 बजे से नवग्रह पूजा एवं हवन आरंभ हुआ, जो संध्या 6 बजे तक चला। संध्या 5 से 6 बजे तक विशेष नागरिकों द्धारा हवन-पूजन किया गया। दोपहर 11 बजे से प्रसाद का वितरण आरंभ हुआ, जो संध्या 5 बजे तक चला। इस अवसर पर शाम 7 बजे से भजन संध्या हुई,

- जुगसलाई के दुखु मार्केट में स्थित मंदिर में हुआ आयोजन

जिसमें स्थानीय गायक प्रेम अग्रवाल एंड टीम के भजनों पर श्रद्धालु रात भर झूमे।

इस मौके पर अतिथि के रूप में विधायक सरयू राय व मंगल कालिंदी, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला पार्षद सदस्य कविता परमार, समाजसेवी सुदीप्तो डे राणा, शंभू सिंह, राजेंद्र प्रसाद, मनोज पुरिया, विमल अग्रवाल, अरविंद मिश्रा, विष्णु सोनकर, अनमोल वर्मा, शंभू जायसवाल, कुणाल भालोटिया, प्रवीण भालोटिया, अरूण गोयल, संगम गर्ग, गिरिराज महेश्वरी, अंकित गर्ग, सौरव अग्रवाल, आनन्द गोयल, आदि शामिल हुए।

टाटानगर से पटना और रांची से पटना के बीच कल चलेगी परीक्षा स्पेशल ट्रेन

CHAKRADHARPUR: दक्षिण पूर्व रेलवे 8 जून को टाटानगर से पटना और रांची के बीच परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। बताया जाता है कि 8 जून को ट्रेन नंबर 08109 टाटानगर-पटना परीक्षा स्पेशल और 09 जून को ट्रेन नंबर 08110 पटना-टाटानगर परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। वहीं, रांची से 8 जून को ट्रेन नंबर 08639 रांची-पटना परीक्षा स्पेशल और पटना से 9 जून को 08640 पटना-रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा।

टाटानगर-पटना-टाटानगर परीक्षा स्पेशल : ट्रेन नंबर 08109 टाटानगर पटना स्पेशल ट्रेन टाटानगर स्टेशन से 8 जून को शाम के 4.15 बजे प्रस्थान करेगी और 9 जून की अहले सुबह 3 बजे पहुंच जाएगी। वहीं, वापसी के क्रम में ट्रेन नंबर 08110 पटना- टाटा परीक्षा स्पेशल ट्रेन पटना स्टेशन से 9 जून की रात 9.15 बजे प्रस्थान करेगी और विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए टाटानगर 10 जून की सुबह 7.15 बजे पहुंचेगी। टाटानगर-पटना-टाटानगर परीक्षा स्पेशल ट्रेन का ठहराव चांडिल, पुरुलिया, भोजूडीह और महुदा, गोमो,

कोडरमा और गया स्टेशन पर होगा। इस ट्रेन में जेनरल क्लास के 3 कोच, स्लीपर टू टीयर श्रेणी के 12 कोच, थर्ड एसी के 3 कोच, सेकेंड एसी के 2 कोच तथा दिव्यांग के लिए 2 कोच लगाए जाएंगे।

रांची-पटना-रांची परीक्षा स्पेशल : ट्रेन नंबर 08639 रांची- पटना स्पेशल ट्रेन रांची से 8 जून को दोपहर 2.10 बजे रवाना होगी और विभिन्न स्टेशनों पर रुकते हुए 8 जून की रात 11 बजे पटना पहुंच जाएगी। वापसी क्रम में ट्रेन नंबर 08640 पटना- रांची स्पेशल ट्रेन पटना से 9 जून की रात 9 बजे खुलेगी और विभिन्न स्टेशनों रूकते हुए 10 जून को सुबह 5.30 बजे रांची पहुंचेगी।

इस ट्रेन का ठहराव मुरी, बोकारो स्टील सिटी, गोमो, कोडरमा और गया स्टेशनों पर होगा। रांची-पटना-रांची परीक्षा स्पेशल ट्रेन में जेनरल क्लास के 5 कोच, स्लीपर टू टीयर श्रेणी के 4 कोच, थर्ड एसी के 1 कोच, प्रथम सह द्वितीय एसी श्रेणी के 1 कोच, 1 जेनरेटर कोच तथा दिव्यांग के लिए 01 कोच लगे होंगे।

आज से 14 जून तक टाटानगर-एर्नाकुलम का परिचालन रद्द

CHAKRADHARPUR: संबलपुर रेल मंडल के सरला स्टेशन में 7 से 15 जून तक प्री एनआई और एनआई कार्य किया जाएगा। इस वजह से रेलवे ने चक्रधरपुर रेल मंडल अंतर्गत आने वाले राउरकेला व झारसुगुडा स्टेशनों से खुलने वाली 6 ट्रेनों को विभिन्न तिथियों में रद्द करने की घोषणा की है। दो एक्सप्रेस ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेनों के रद्द होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। वहीं रेलवे ने ट्रेन नंबर 18189 व 18190 टाटानगर-एर्नाकुलम-टाटानगर एक्सप्रेस का परिचालन 7 से 14 जून तक चक्रधरपुर, गोइलकेरा, राउरकेला, झारसुगुडा, संबलपुर से बोबिली स्टेशनों के बीच रद्द कर दिया है।

टाटानगर-एर्नाकुलम - टाटानगर एक्सप्रेस इन तिथियों में परिवर्तित मार्ग से चलेगी।

ये ट्रेनें इन तिथियों में रद्द रहेगी

07-14 जून तक ट्रेन नंबर 18125 राउरकेला-पुरी एक्सप्रेस का परिचालन रद्द रहेगा।
08-15 जून तक ट्रेन नंबर 18126 पुरी-राउरकेला एक्सप्रेस का परिचालन रद्द रहेगा।
07-14 जून तक ट्रेन नंबर 08169 झारसुगुड़ा-संबलपुर पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद्द रहेगा।
07-14 जून तक ट्रेन नंबर संबलपुर-झारसुगुड़ा पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद्द रहेगा।
07-14 जून तक ट्रेन नंबर झारसुगुड़ा-संबलपुर पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद्द रहेगा।
07-14 जून तक ट्रेन नंबर संबलपुर-झारसुगुड़ा पैसेंजर स्पेशल का परिचालन रद्द रहेगा।

ये ट्रेनें इन तिथियों में परिवर्तित मार्ग से चलेगी:

07 से 14 जून तक ट्रेन नंबर 18189 टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग टाटानगर-जरोली-जखापुरा-कटक-खुर्दा रोड-विजयनगरम होते एर्नाकुलम तक जाएगी। इन तिथियों में टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस का परिचालन चक्रधरपुर, गोइलकेरा, राउरकेला, झारसुगुडा, सबलपुर से बोबिली स्टेशनों के बीच रद्द रहेगा।

06 से 12 जून तक ट्रेन नंबर 18190 एर्नाकुलम-टाटानगर एक्सप्रेस का परिचालन परिवर्तित मार्ग विजयनगरम-खुर्दा रोड-कटक-जखापुरा-जरोली-टाटानगर स्टेशन तक होगा। इस ट्रेन का परिचालन इन तिथियों में बोबिली से चक्रधरपुर स्टेशनों के बीच रद्द रहेगा।

परशुराम जयंती के लिए नारी शक्ति समिति महिलाओं से कर रही संपर्क

- शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में घूमकर लोगों को कार्यक्रम के लिए दिया जा रहा बुलावा

PHOTON NEWS JSR: बिष्टुपुर स्थित गोपाल मैदान में 9 जून को परशुराम जयंती का भव्य आयोजन होना है। इसके लिए शहर व आसपास के ब्राह्मणों को आमंत्रित किया जा रहा है। इसी क्रम में परशुराम जन्मोत्सव समिति से संबद्ध ब्राह्मण नारी शक्ति की सदस्य शहर के अलग-अलग क्षेत्र में ब्राह्मण समाज की महिलाओं को विशेष रूप से आमंत्रित कर रही हैं। इसी को लेकर नारी शक्ति समिति की बैठक गुरुवार को जुबिली पार्क में हुई। इसमें

आमंत्रण पत्र के साथ महिलाएं • फोटोन न्यूज

आयोजन को सफल बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। समिति की सदस्यों ने बताया कि आयोजन को लेकर सभी महिलाओं में काफी उत्सुकता दिख रही है।

परशुराम जन्मोत्सव में महिलाएं बढ़-चढ़ कर भाग लेंगी। आज की बैठक में मीरा तिवारी, ब्यूटी तिवारी, अन्नु चौबे, अनीता पांडे, रंजना पांडे, विभा चतुवेर्दी, रिंकू दुबे, रंजना तिवारी, समृद्धि चौबे, नीलम द्विवेदी आदि शामिल थीं।

एमजीएम अस्पताल में बाइक चोरों को दबोचा, पुलिस को सौंपा

JAMSHEDPUR : कोल्हान के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल एमजीएम के बाहर पार्किंग से गुरुवार सुबह दो चोरों को होमगार्ड जवानों ने धर दबोचा। पकड़े गए चोरी के आरोपी दुर्गा महतो और प्रदीप महतो आदित्यपुर के रहने वाले हैं। होमगार्ड नवीन कुमार सिंह ने बताया कि एमजीएम अस्पताल में लगातार बाइक चोरी की घटना हो रही थी। जून में दो बार पार्किंग से बाइक चोरी हुई है। गुरुवार को भी ये दोनों आरोपी बाइक चोरी की फिराक में बैठे थे। तभी इन्हें अन्य होमगार्ड जवानों के सहयोग से पकड़ा गया। सीसीटीवी फुटेज देख कर इनकी पहचान की गई है। ये वही दो बाइक चोर हैं, जिन्होंने लगातार दो बार एमजीएम की पार्किंग से बाइक चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

काले की माता बलजीत कौर खनूजा की अंतिम अरदास में शामिल होने पहुंचे लोग

अरदास में शामिल लोग • फोटोन न्यूज

JAMSHEDPUR : भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले की माता स्व. बलवंत कौर खनूजा की आत्मा की शांति के लिए गुरुवार को साकची गुरुद्वारा साहेब में अंतिम अरदास संपन्न हुई। इसमें झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, धनबाद के पूर्व सांसद पशुपति नाथ सिंह, जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी, सीजीपीसी के प्रधान भगवान सिंह, चेयरमैन सरदार शैलेन्द्र सिंह, साकची गुरुद्वारा के प्रधान निशान सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, उनकी धर्मपत्नी मीरा मुंडा, रांची के भाजपा नेता गुरविंदर सिंह सेठी, जिप उपाध्यक्ष पंकज सिन्हा, अध्यक्ष बारी मुर्मू, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा मौजूद रहे।

सरायकेला-खरसावां में हुई जिला समन्वय समिति की बैठक, विभिन्न विभागों के लिए निर्धारित किया गया लक्ष्य

योग्य लाभुकों को हर हाल में मिले योजनाओं का लाभ : उपायुक्त

PHOTON NEWS SARAIKELA: लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रविशंकर शुक्ला की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला समन्वय समिति की बैठक हुई। इस दौरान उपायुक्त ने विभागवार संचालित विभिन्न योजनाओं-कार्यो की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्य योजना निर्धारित कर योजनाओं को निर्धारित समयावधी में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं, ऐसी योजना जिसमें कार्य प्रगति धीमी पाई गई, उसमें सुधारात्मक प्रगति लाने, क्षेत्रीय पदाधिकारियों की जवाबदेही तय कर योजनाओं के उद्देश्य को पूर्ण करने तथा योजनाओं के नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त नें विभिन्न माध्यम से

बैठक को संबोधित करते सरायकेला-खरसावां के डीसी • फोटोन न्यूज

सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा विभिन्न योजनाओं के तहत लंबित आवेदनों का निष्पादन कर सभी योग्य लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा आपूर्ति विभाग, कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, कृषि विभाग, उद्योग विभाग, श्रम नियोजन, पशुपालन, जेएसएलपीएस, राजस्व समेत विभिन्न विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की क्रमवार समीक्षा हुई।

समय पर राशन वितरण करने का निर्देश

आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि में राशन वितरण सुनिश्चित कराने तथा राशन वितरण में अनियमितता सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों पर जांचोपरांत कार्रवाई के निर्देश दिए। वहीं, जिला योजना कार्यालय अंतर्गत अनटायर्ड एवं डीएमएफटी मद से संचालित कार्य में तेजी लाने, भूमि प्रतिवेदन से संबंधित लंबित मामलों का यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। वहीं, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षा कर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने, नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने तथा विभिन्न माध्यम से प्राप्त सोचनाओं पर अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों का निष्पादन करनें, वनपट्टा के लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। राजस्व विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि बिना किसी वास्तविक कारण के म्यूटेशन संबंधित मामलों का रिजेक्शन ना हो यह सुनिश्चित करें, लंबित मामलों का यथाशीघ्र निष्पादन करने के निर्देश दिए।

कृषि ऋण माफी के लिए केवाईसी जल्द करें

कृषि विभाग की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त नें मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना के तहत चिन्हित लाभुकों का केवाईसी कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उपायुक्त नें पूर्व की बैठक में विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र एवं विद्यालयों में पेयजल शौचालय एवं विद्युत की उपलब्धता के संबंध में दिए गए दिशा-निदेर्शों की समीक्षा करते हुए संचालित कार्य में तेजी लाते हुए सभी आंगनबाड़ी केंद्र एवं विद्यालय में पेयजल, शौचालय एवं विद्युत-आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ये रहे उपस्थित

बैठक में उप विकास आयुक्त प्रभात कुमार बरदियार, प्रशिक्षु आईएएस कुमार रजत, निदेशक डीआरडीए, निदेशक-आईटीडीए, अपर उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी एवं सभी कार्यपालक अभियंता उपस्थित रहे।

एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में तुलसी पौधे का वितरण

तुलसी का पौधा भेंट करते बस्ती विकास समिति के लोग • फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS JSR: बस्ती विकास समिति जमशेदपुर की ओर से विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर पर्यावरण सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में, गुरुवार को बस्ती विकास समिति द्वारा एग्रिको ट्रांसपोर्ट मैदान में पर्यावरण प्रेमियों के बीच पांच सौ से अधिक तुलसी पौधे का वितरण कर उन्हें तुलसी की महत्ता से अवगत कराया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष खेमलाल चौधरी ने समिति के ऑनलाईन चित्रांकन प्रतियोगिता में 'पर्यावरण चुनौती एवं समाधान' विषय पर 5 वर्ष से 8 वर्ष एवं 8 वर्ष से 11 वर्ष की आयु वाले बच्चे-बच्चियां को भाग लेने की अपील की। जिसके लिए पेंटिंग को वाट्सएप 9431373471/ 70046 50614 पर भेजा जा सकता है। 9 जून को दोनों आयु वर्गों में सर्वश्रेष्ठ तीन पेंटिंग को भालुबासा में पुरस्कृत किया जाएगा।

BRIEF NEWS

बिहार में 10 जून से नए समय पर खुलेंगे स्कूल

PATNA : बिहार में भीषण गर्मी के चलते छात्र-छात्राओं के लिए बंद किए गए स्कूल 10 जून से वापस खुलने जा रहे हैं। राज्यभर में सोमवार से नए समय पर स्कूलों का संचालन किया जाएगा। शिक्षा विभाग ने इस स्कूलों की टाइमिंग बदल दी है। अब स्कूल सुबह 6.30 बजे खुलेंगे और 11.30 बजे छुट्टी कर दी जाएगी। एसीएस एस सिद्धार्थ के निर्देश पर शिक्षा विभाग द्वारा इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी कर दिया गया। स्कूलों की नई टाइमिंग आगामी 30 जून तक प्रभावी रहेगी।

जांच करने गए सीओ से गाली-गलौज व हाथापाई

CHAMPARAN : जिले के गोविंदगंज थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद की जांच करने गए अरेराज सीओ के साथ एक पक्ष ने हाथापाई और गलौज की है। सीओ के आवेदन पर गुरुवार को एक नामजद सहित पांच अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने सीओ के साथ हाथापाई करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया। घटना गोबिंदगज थाना के रढिया गांव का बतायी गयी है। जहां दो लोगो के बीच जमीनी विवाद के आवेदन पर जांच के लिए अरेराज सीओ उदय प्रताप सिंह गोबिंदगज थाना पुलिस के साथ पहुंचे थे। जांच के दौरान एक पक्ष उग्र होकर सीओ के साथ गाली गलौज करते हुए हाथापाई शुरू कर दिया ।

हत्याकांड मामले में दो शूटर गिरफ्तार, बाइक बरामद

BHAGALPUR : भागलपुर के सिटी एसपी श्रीराज ने गुरुवार को आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि बीते 17 अप्रैल की रात्रि में नाथनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत चौकी नियामतपुर के रहने वाले निरंजन कुमार को बंगाली टोला में अज्ञात लोगों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में दो शूटर सुशील कुमार मंडल को मुंगेर से और दूसरे संजय मंडल को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद किया गया। उल्लेखनीय हो कि इस कांड में एक व्यक्ति को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चूका है।

तालाब में डूबकर युवक की मौत, मचा कोहराम

BHAGALPUR : जिले के सनोखर थाना क्षेत्र के अगैया गांव निवासी महेन्द्र यादव के 24 वर्षीय पुत्र अमित कुमार यादव की तलाब में डूबने से मौत होने के बाद पुलिस ने मृतक के शव को गुरुवार को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया है। अमित कुमार यादव की मौत बीते बुधवार को तालाब में डूबकर हो गई थी। मृतक के परिजन ने बताया कि मंगलवार सुबह आमित अपने भैंस को लेकर बहियार चराने के लिए गया था। दोपहर बारह बजे के आसपास गांव के ही बगल में स्थित तलाब में प्रत्येक दिन भैंस को नहलाता था और एक बजे के बाद घर आ जाता था। लेकिन समय पर घर नहीं आया तो परिजन उसे ढूंढने के लिए तलाब के पास गए तो देखा कि भैंस पानी में बैठा हुआ है, लेकिन इसका चरवाहा वहां नहीं है। इसके बाद इधर-उधर अमित का खोजबीन किया गया।

केंद्र में बनने वाली नयी सरकार में भूमिका को लेकर हर पहलू पर किया गया विचार

सीएम नीतीश ने जेडीयू सांसदों के साथ दिल्ली में किया मंथन

- लोजपा (आर) के मुखिया चिराग पासवान ने आज बुलाई है संसदीय दल की बैठक

AGENCY PATNA : लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आने के बाद एनडीए की सरकार के गठन से पहले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपनी पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के सांसदों से मंथन कर रहे हैं। जेडीयू अध्यक्ष नीतीश एनडीए की बैठक में शामिल होने बुधवार को दिल्ली पहुंचे। वे फिलहाल राष्ट्रीय राजधानी में ही रुके हैं। गुरुवार को जेडीयू के कई सांसद सीएम से मिलने दिल्ली स्थित उनके आवास पर पहुंचे। नीतीश कुमार ने शुक्रवार सुबह दिल्ली में जेडीयू संसदीय दल की बैठक बुलाई है। दूसरी ओर, चिराग पासवान ने भी अपनी पार्टी लोजपा रामविलास के संसदीय दल की बैठक बुलाई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक एनडीए संसदीय दल की बैठक गुरुवार सुबह 11 बजे बाद संसद भवन के सेंट्रल हॉल में होगी। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को गठबंधन का नेता चुना जाएगा। इससे पहले एनडीए के विभिन्न घटक दल अपने-अपने सांसदों के साथ अलग से बैठकें करेंगे। जेडीयू और लोजपा रामविलास ने शुक्रवार सुबह 9.30 बजे अपने-अपने सांसदों को बुलाया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार दो दिनों से दिल्ली में ही रुके हैं और अपनी पार्टी के नेताओं से लगातार विचार-विमर्श कर रहे हैं। इससे पहले बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर हुई एनडीए की पहली बैठक में जेडीयू, लोजपा रामविलास समेत सभी दलों ने एनडीए सरकार के गठन के लिए अपना समर्थन दिया। 12 सीटें पाकर किंगमेकर की भूमिका में आई जेडीयू नई सरकार के गठन से पहले मोलभाव की स्थिति में है। सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नई सरकार में पांच मंत्री पद, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा और देशभर में जाति जनगणना कराने जैसी डिमांड रखी है। जेडीयू की रेलवे, ग्रामीण विकास, जल संसाधन जैसे अहम मंत्रालयों पर भी नजर है। चिराग पासवान ने कहा कि प्रधानमंत्री जो देंगे वे उसमें ही संतुष्ट हैं।

नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेंगे 2025 का विधानसभा चुनाव : सम्राट

लोकसभा चुनाव के बाद सियायी उठापटक और बयानबाजी और तेज हो गई है। इस बीच आज बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बड़ा बयान दिया। उन्होने कहा कि हम 2025 का विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेंगे। 1996 से हम नीतीश कुमार के नेतृत्व में चल रहे हैं। आगे भी चलेंगे इसमें परेशानी क्या है। दरअसल आज बिहार बीजेपी की बैठक थी। जिसके खत्म होने के बाद सम्राट चौधरी ने ये बयान दिया। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार में 75 फीसदी सीटें जनता ने हमें जिताई हैं। ये हमारे कुशल चुनाव प्रबंधन का नतीजा है। और जिन 25 फीसदी सीट पर हार मिली है। उनकी समीक्षा कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि 2025 का चुनाव हम लोग नीतीश कुमार के नेतृत्व और मार्गदर्शन में ही लड़ेंगे। हालांकि इससे पहले सम्राट चौधरी कहते आए हैं कि बिहार में 2025 का चुनाव बीजेपी अपने दम पर लड़ेगी और किसी को कंधा नहीं चढ़ाएगी। लेकिन अब सम्राट चौधरी के तेवर बदले-बदले लग रहे हैं। आपको बता दें इससे पहले बुधवार को जेडीयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा था कि 2024 के लोकसभा इलेक्शन रिजल्ट ने 2025 में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव का मार्ग भी प्रशस्त कर दिया है। 2025 का चुनाव बिहार में सीएम नीतीश के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। अब वही बात बीजेपी के सम्राट चौधरी कह रहे हैं। मतलब 2025 का चुनाव बिहार में एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा। इससे पहले कल यानि बुधवार को प्रधानमंत्री आवास पर हुई राजग की बैठक में घटक दलों ने मोदी के नेतृत्व पर विश्वास जताया। बैठक में जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, तेलुगु देशम पार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू समेत 15 दलों के 21 नेता मौजूद रहे।

पटना में पूर्व मुखिया के भाई को गोलियों से भूना

घटना स्थल पर जुटी लोगों की भीड़।

- नेउरा थाने के समीप अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम
- जांच में जुटी पुलिस, शीघ्र गिरफ्तारी का दिया आश्वासन

AGENCY PATNA : बेखौफ बदमाशों ने पटना से सटे बिहटा में एक युवक को सरेआम गोलियों से भून डाला। तीन गोली लगने के बाद युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना नेउरा थाना क्षेत्र मखदुमपुर गांव के पास की है। मृतक की पहचान बेचू टोला निवासी रमेश यादव के 25 वर्षीय बेटे राकेश उर्फ अमलेश कुमार के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मौके पर नेउरा थाने की पुलिस समेत विभिन्न थानों की पुलिस टीम पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और छानबीन में जुट गई है। राकेश गोनवां पंचायत के पूर्व मुखिया का भाई था। कुछ साल पहले राकेश के दादा-दादी की भी हत्या कर दी गई थी। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि राकेश पटना से अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान मखदुमपुर गांव के पास पहले से घात लगाए बदमाशों ने उसके ऊपर फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी की इस घटना में तीन गोलियां लगने के बाद राकेश की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए और घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मौके पर नेउरा थाने की पुलिस समेत विभिन्न थानों की पुलिस टीम पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

किरायेदार के हत्या मामले में मकान मालिक को आजीवन कारावास की सजा

- मोतिहारी शहर के छतौनी थाना क्षेत्र के छोटा बरियारपुर गांव में हुई थी घटना

AGENCY CHAMPARAN : किराए के मकान में रहकर अपने छोटे-छोटे बच्चो को पढ़ा रही महिला किरायेदार को उनके बच्चों के सामने ही गोली मार हत्या कर देने के चर्चित मामले में द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार तिवारी ने दोषी पाते हुए नामजद अभियुक्त को आजीवन कारावास एवं पंद्रह हजार रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाया है। सजा मोतिहारी शहर के छतौनी थाना अंतर्गत छोटा बरियारपुर निवासी मकान मालिक संजय कुमार सिंह को हुई। न्यायाधीश ने मृतका शैल देवी के नाबालिग पुत्र नितेश कुमार,विशाल कुमार एवं पुत्री अनुप्रिया को विक्टिम कम्पनसेशन एक्ट के तहत सहायता का पात्र मानते हुए निर्देशित किया है कि निर्णय की प्रति के साथ डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस अथॉरिटी कार्यालय के समक्ष सहायता राशि के लिए आवेदन करें। घटना के चश्मदीद गवाह 13 वर्षीय पुत्र नितेश कुमार हैं जो अपने छोटे भाई बहनों के साथ गोली लगने के बाद छटपटा कर मरते देख भयभीत होकर दरवाजा बंद कर बिछावन के नीचे दुबके रहे। दूसरे दिन गांव से पहुंची उसकी चाची चंद्र ज्योति देवी का आवाज पहचानने के बाद घर का दरवाजा खोला। सूचना पर पहुंची छतौनी पुलिस ने प्राथमिक दर्ज कर अनुसन्धान शुरू की। घटना की रात ही आरोपी ने एक अन्य किराएदार को भी जख्मी किया था। गिरफ्तार मकान मालिक के साथ बरामद पिस्टल एवं मृतक के शरीर से निकला पिलेट के प्रयुक्त होने की पुष्टि फोरेंसिक जांच में हुई थी।

चरस तस्करी मामले में एक को दस वर्ष की सजा

एनडीपीएस कोर्ट-1 के विशेष न्यायाधीश नूर सुल्ताना ने चरस तस्करी मामले में दोषी पाते हुए एक नामजद अभियुक्त को दस वर्षो का कठोर कारावास एवं दो लाख रुपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अर्थ दंड नहीं देने पर तीन महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। सजा नेपाल नारायणी थाना के जलेश्वर जनकपुर निवासी गुलाब बाबू मंडल को हुई है। मामले में रक्सौल पनटोका एसएसबी कैंप के अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने प्राथमिकी दर्ज कराया था।

कल से 15 जुलाई तक चलेगी इग्नू सत्रांत परीक्षा

KISHANGUNJ : इग्नू शिक्षार्थी सहायता केन्द्र- 86011, मारवाड़ी कॉलेज, किशनगंज में इग्नू सत्रांत परीक्षा, 07 जून से शुरू होगी और 15 जुलाई तक चलेगी। दोनों पालियों में होने वाली इस परीक्षा में कुल 13561 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। उक्त जानकारी गुरुवार को देते हुए समन्वयक-सह-केंद्राधीक्षक डॉ अश्विनी कुमार ने बताया कि देश-विदेश में इग्नू की परीक्षा 07 जून से शुरू हो रही है, जिसमें 9 लाख 10 हजार 881 परीक्षार्थी शामिल होंगे। किशनगंज जिले में मारवाड़ी कॉलेज को एकमात्र इग्नू परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक डा. मिर्जा नेहाल अहमद बेग एवं प्रधानाचार्य-सह-एच.ओ.आई प्रो.(डा.) संजीव कुमार के दिशा-निर्देश पर सारी तैयारियां पूरी कर ली गईं हैं। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों को अपने साथ हॉल टिकट और इग्नू द्वारा जारी फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।

अग्निवीर व यूसीसी पर जदयू का बड़ा बयान, फिर से विचार करने की जरूरत

- बोले जेडीयू महासचिव और प्रवक्ता केसी त्यागी चुनाव में देखा गया है इसका असर

AGENCY PATNA : मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी ने साफ कह दिया है कि बिहार को स्पेशल स्टेटस का दर्जा मिलना चाहिए। यह मांग जदयू के प्रवक्ता और पार्टी के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी ने की है। उन्होंने कहा कि कहा है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड पर हमारा रुख आज भी जस का तस है। जेडीयू महासचिव और प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि हमने तब भी कहा था कि इस मामले पर सभी स्टेक होल्डर को साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। केसी त्यागी ने कहा कि हमने तब भी कहा था कि इस मामले पर सभी स्टेट होल्डर को साथ लेकर उनके विचारों को समझने की जरूरत है। यूसीसी पर नीतीश कुमार ने विधि आयोग के अध्यक्ष को चिट्ठी लिखी थी और कहा था कि हम इसके खिलाफ नहीं हैं लेकिन इसमें व्यापक विचार विमर्श की आवश्यकता है। अग्निवीर योजना का जिक्र करते हुए केसी त्यागी ने कहा कि अग्निवीर योजना को लेकर के बहुत विरोध हुआ था और चुनाव में भी उसका असर देखने को मिला है। इस पर दोबारा से विचार करने की जरूरत है। अग्निवीर योजना को नए तरीके से सोचने की आवश्यकता है। जो सुरक्षाकर्मी थे सेना में तैनात थे और जब भी अग्निवीर योजना आई तो बड़े तबके में असंतोष था। मेरा ऐसा मानना है कि उनके परिवार जनों ने भी चुनाव में विरोध जारी किया, इसलिए आज इसमें नए तरीके से विचार विमर्श की जरूरत है। जदयू प्रवक्ता केसी त्यागी ने कहा कि जहां तक एक देश एक चुनाव की बात है, हम उसके समर्थन में हैं। केसी त्यागी ने कहा कि हम एनडीए के मजबूत हिस्सेदार के रूप में सामने आए हैं। हम अटबिहारी की एनडीए सरकार में कई अहम मंत्रालयों की जिम्मेदारी संभाल चुके हैं।

चलती बाइक से बदमाशों ने पूर्व सैनिक की पत्नी के गले से छीनी सोने की चेन

- सीसीटीवी में कैद हो गई बदमाशों की तस्वीर जांच में जुटी पुलिस

AGENCY ARARIYA : फारबिसगंज शहरी थाना से महज कुछ दूरी पर गुरुवार दोपहर में बाइक पर सवार पूर्व सैनिक की पत्नी के गले से बाइक सवार दो बदमाशों ने सोने का चेन छीन लिया। पूर्व सैनिक पंकज कुमार वर्तमान समय में फारबिसगंज थाना में डायल 112 में पदस्थापित हैं।वह अपनी पत्नी लीला देवी को बाइक पर बैठाकर थाना से आगे बगीचा चौक की ओर से निकले ही थे कि गौशाला के पास में पीछे से बाइक पर सवार दो बदमाश नजदीक आकर चलती गाड़ी से महिला के गले से सोने का चेन छीनकर भाग निकला।हालांकि बाइक सवार पूर्व सैनिक ने कुछ दूर तक पीछा करने की भी कोशिश की,लेकिन सड़क पर जाम और सामने से एक गाड़ी के आ जाने के कारण बदमाश तेजी से भाग निकला। बाइक पर सवार दोनों बदमाशों में आगे वाला हेलमेट पहना हुआ था, जबकि पीछे वाला अपने चेहरे को रुमाल से ढके हुए था। बदमाशों द्वारा चेन छिनतई की घटना अगल बगल के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई है। जानकारी के बाद पुलिस सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगालने में जुटी है। पूर्व सैनिक पंकज कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी को बाइक पर बिठाकर बगीचा चौक स्थित रिचार्ज सेंटर की ओर जा रहा था। इसी क्रम में गौशाला के पास पीछे से बाइक पर सवार दो बदमाश नजदीक आए और चलती गाड़ी से पत्नी के गले से सोने का चेन छीन कर भाग गया।उन्होंने काफी दूर तक पीछा करने की भी बात कही।

निर्जला व्रत रख सुहागिनों ने सुहाग की रक्षा और पति की दीर्घायु को लेकर की वट सावित्री की पूजा

- मंदिरों व बरगद के पेड़ के नीचे सुबह से पहुंचने लगी थीं व्रती, चढ़ाए गए नैवेद्य व ठेकुआ

AGENCY ARARIYA : अररिया समेत पूरे जिले में जेठ अमावस्या गुरूवार को सुहागिन महिलाओं ने अपने सुहाग की रक्षा और पति के दीर्घायु की कामना को लेकर वट सावित्री का निर्जला व्रत रख पूजा अर्चना की। वट वृक्ष की पूजा अर्चना करते हुए सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य का वर मांगा। वट सावित्री पूजा को लेकर वट वृक्ष यानी बरगद के तले सुबह से ही व्रती महिलाओं का तांता लगा रहा। सुहागिन महिलाओं ने कच्चा सूत बांध परिक्रमा कर वट वृक्ष की विधि विधान से पूजा की। इससे पूर्व वट पूजा को लेकर सुहागिनों द्वारा सुबह होने से पहले घरों में पूजा की तैयारी की गई। आटे व गुड़ की बरगद, पूड़ी, ठकुआ, पुआ आदि का नैवेद्य भोग का प्रसाद बनाय गया। कच्चे सूत की माला बनाई गई और पूजा का थाल सजाया गया। सुहागिन महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर देवी गीत गाते हुए घर से बरगद के पेड़ का रास्ता तय किया। सुहागिनों ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर बरगद, पूड़ी, पकवान, पुआ, सुहाग सामग्री, हाथ का पंखा, आम, लीची का फल इत्यादि चढ़ाएं तथा हल्दी से रंगे कच्चे सूत की माला वट वृक्ष को चढ़ा कर सुहागिनों ने अचल अहिवात का वर मांगा। घर आकर पति को हाथ के पंखे से हवा कर पैर छूए एवं घर के बड़े बुजुर्ग से आशीर्वाद ले व्रत खोला। वट सावित्री पूजा को लेकर जगह जगह उत्साह का माहौल देखा गया। सुहागिन महिलाओं ने बताया कि न केवल धार्मिक, सांस्कृतिक रूप से ही वट वृक्ष का महत्व है, बल्कि साइनटिफिक और इकोसिस्टम को लेकर भी वट वृक्ष का बड़ा महत्व है।

वट सावित्री पर्व पर पूजा-अर्चन करतीं व्रती।

नरेंद्र मोदी की सभा में जानकी जी, विद्यापति महाराज व मैथिली भाषा में भाषण ने किया था प्रभावित

मिथिलांचल से एनडीए की सर्वाधिक जीत

- समस्तीपुर से शाम्भवी चौधरी सबसे कम उम्र की सांसद बनकर मिथिलांचल का बढ़ाया यश

AGENCY MADHUBANI : जिला मुख्यालय में बुद्धिजीवी मंच के संयोजक के नेतृत्व में गुरुवार को विमर्श मंथन हुआ। कार्यक्रम में दरभंगा प्रमण्डल के एनडीए सभी विजयी उम्मीदवारों को शुभकामनाएं दी गई। प्रो सुवीर चन्द्र मिश्र ने बताया कि गंगा नदी के इस पार मिथिलांचल परिसीमन है। मिथिलांचल परिक्षेत्र में एनडीए घटक दल उम्मीदवारों की जीत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लहर का साफ प्रतिफल रहा। जिला के दोनों संसदीय क्षेत्र मधुबनी व झंझारपुर सहित गंगा के इस पार की सभी जगहों पर एनडीए की अन्तर समर्पित भाव व हवा मतदाताओं के बीच अंततः रहा। भाजपा विधान पार्षद सुनील चौधरी ने कहा कि दरभंगा में नरेन्द्र मोदी की सभा में जानकी जी विद्यापति महाराज दरभंगा व मिथिलांचल की चर्च मैथिली भाषा में काफी प्रभावित हुआ। समस्तीपुर के भाजपा विधान पार्षद तरूण कुमार ने बताया कि दरभंगा में नरेन्द्र मोदी का चरणस्पर्श प्रणाम व उनका आशीर्वाद से ही शाम्भवी चौधरी सबसे कम उम्र की सांसद बनकर मिथिलांचल से कीर्तिमान बनाया। यहां के मोदी समर्पित मतदाताओं ने दरभंगा, समस्तीपुर, हाजीपुर उजियारपुर, वैशाली, मुजफ्फरपुर, बेगूसराय, सुपौल, मधेपूरा, अररिया में एनडीए घटक दल के उम्मीदवारों को विजयी बनाया। आइएनडीआईए महागठबंधन का सुफरा साफ कर दिया। महागठबंधन के सभी प्रत्याशियों को एनडीए घटक दल के उम्मीदवारों द्वारा चारों मुंहखाने चित्त कर दिया गया। पूर्व मंत्री बिनोद नारायण झा, मंत्री नीतीश मिश्रा सहित एनडीए घटक दल के सभी विधायक चुनाव में समर्पित रहे। बुद्धिजीवी संगठन के संयोजक विमल सिंह ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा, पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह, मधुबनी नगर निगम के मेयर अरूण राय, देवेन्द्र प्रताप सिंह मुन्ना, हितेन्द्र ठाकुर नुनु, अविनाश गौड सहित अन्य कद्दावर भाजपा नेताओं ने बिना इफ- वट सभी क्षेत्रों में एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में कैम्पेन करता रहा।बुद्धिजीवी संवाद कार्यक्रम के तहत नरेन्द्र मोदी की विकास योजनाओं व मिथिलांचल की सांस्कृतिक धरोहर की संरक्षण संवर्धन व अक्षुण्णता रखने में नरेन्द्र मोदी की दत्तचित सार्वजनिक करतब का बखान करता रहा।

होम्योपैथी छात्र का कमरे में फंदे पर लटका मिला शव

MUZAFFARPUR : मुजफ्फरपुर में उस समय हड़कंप मच गया, जब होम्योपैथी के एक छात्र की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई है। इस मामले की जानकारी के बाद मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मामला सदर थाना क्षेत्र के आरडीएस कॉलेज के समीप का है। जहां होम्योपैथी के छात्र की संदिग्ध मौत हो गई। वह आरडीएस कॉलेज के समीप किराए के मकान में रहता था। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भिड़ जुट गई। लोगों ने मामले की जानकारी सदर थाने की पुलिस को दी। सूचना पर सदर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कमरे का दरवाजा खोला। कमरे के अंदर घुसने पर देखा गया कि छात्र का शव फंदे से लटका है। जिसके बाद उसके शव को उतारा गया। इस दौरान कमरे की तलाशी ली गई।

नदी तट पर मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

AGENCY KAIMUR : बहेरी गांव के कुनकुनहिया नदी के तट से एक युवक का शव बरामद किया गया है। परिजनों ने आशंका जताई है कि युवक की हत्या की गई है। क्योंकि मृतक के शरीर पर कई जगह कटने फटने के निशान बने हुए हैं। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल में भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक बताया जाता है कि मृतक युवक भभुआ थाना क्षेत्र के बहेरी गांव निवासी रामविलास यादव के एकलौते 21 वर्षीय पुत्र बलजीत कुमार हैं। वहीं भभुआ सदर अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजन और भभुआ जिला परिषद सदस्य विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल ने बताया कि युवक ने बीएससी का पेपर दिया था, जो कल भभुआ लाइब्रेरी में पढ़ने के लिए गया हुआ था। जहां से दोपहर 12:00 बजे वह घर लौटा था, जिसके बाद घर से बिना बताए कहीं चला गया। जहां काफी देर होने के बावजूद भी घर वापस नहीं आया तो घर वाले परेशान होकर खोजने लगे, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। वहीं आज सुबह बहेरी गांव के कुनकुनहीया नदी के रास्ते से जा रहे एक व्यक्ति ने देखा तो एक युवक का शव पड़ा है, जिसके बाद उसने शोरगुल किया।

शव देखने के लिए जुटी भीड़।

दुश्मनों के लिए जासूसी करने वालों को हो सीधे फांसी की सजा

